महानगर नई दिल्ली सोमवार 9 मार्च, 2020, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

## येस बैंक संस्थापक राणा 11 मार्च तक ईडी हिरासत में, सीबीआइ की भी एफआइआर

# दो हजार करोड़ के निवेश की जांच

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

येस बैंक के संस्थापक और पूर्व प्रबंध निदेशक राणा कपूर से पूछताछ में पता चला है कि कपूर और उनके परिवार ने अपने स्वामित्व वाली दर्जनों मुखौटा कंपनियों के जरिए लंदन में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया है।


राणा कपूर

प्रवर्तन निदेशालय ने इस निवेश और इसके अलावा परिसंपत्तियों एवं 44 महंगी पेंटिंग की खरीद को लेकर जांच शुरू कर दी है। लंबी पूछताछ के बाद कपूर को ईडी ने धनशोधन के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे 11 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजा गया है। ईडी की प्राथमिकी के आधार पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने भी कपूर के खिलाफ धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में एफआइआर दर्ज की है। सीबीआइ ने येस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर, दीवान हाउसिंग (डीएचएफएल), डीओआइटी बाकी पेज 8 पर

### जांच की खास बातें

**44** महंगी पेंटिंग की खरीद भी ईडी के रडार पर

*येस बैंक* संस्थापक राणा कपूर और उनके परिवार की दर्जनों मुखौटा कंपनियां

*लंदन* में खरीदी संपत्तियां, निवेश में लगाया पैसा

### कपूर की बेटी को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

येस बैंक मामले में राणा कपूर के परिवार पर शिकंजा लगातार कस रहा है। कपूर की बेटी रोशनी कपूर को रविवार को मुंबई हवाई अड्डे पर लंदन जाने से रोक दिया गया। वह बाकी पेज 8 पर

### जोखिम के लिए मजबूत हैं भारतीय बैंक : सुब्रमण्यम

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

येस बैंक संकट को लेकर मुख्य आर्थिक सलाहकार के सुब्रमण्यम ने कहा कि भारतीय बैंक जोखिल झेलने के लिए काफी मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि बाकी पेज 8 पर

# जामिया नगर से इस्लामिक स्टेट के दो संदिग्ध गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 मार्च।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रविवार को इस्लामिक स्टेट (आइएस) के खुरासान मॉड्यूल से जुड़े एक दंपति को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) विरोधी प्रदर्शन भड़काने के आरोप में जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया। यहां से कुछ ही दूरी पर दो महीने से अधिक समय से महिलाएं सीएए के विरोध में बैठी हैं।

स्पेशल सेल के उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि इनकी पहचान जम्मू कश्मीर के श्रीनगर निवासी जहानजेब सामी उर्फ दाउद इब्राहिम उर्फ एक्जिब उर्फ अबु मोहम्मद उर्फ अबु अब्दुल्ला (36) और उसकी पत्नी हिना बशीर बेग (39) के तौर पर की गई है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चार मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक हार्ड डिस्क और अन्य प्रतिबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि यह दंपति सीएए विरोधी प्रदर्शनों को भड़काने में शामिल थे।

पूछताछ में पता चला है कि ये दोनों आइएस के सक्रिय सदस्य थे और मुसलिमों को गैर मुसलिमों पर हमले के लिए उकसा रहे थे। इन दोनों ने सोशल मीडिया मंचों पर कई ऐसे विवादित पोस्ट किए थे जिसमें गैर मुसलिमों पर हमलों और सरकार के खिलाफ बगावत की बातें शामिल थीं।

शाहीन बाग में सीएए, एनआरसी को लेकर चल रहे प्रदर्शन में कुछ लोगों की संदिग्ध भूमिका की जानकारी मिलने पर सुरक्षा एजंसियां जांच में जुट गईं। इसी बीच, उन्हें पता चला कि ओखला इलाके में रहने वाले एक दंपति सीएए के विरोध में चल रहे प्रदर्शनों में शामिल होकर वहां के लोगों को भड़का रहे हैं और वहां आतंकी हमले करवाने की तैयारी में हैं। मामले की जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा, स्पेशल सेल के अलावा कई एजंसियों संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाने में जुट गईं। गुप्त सूचना के आधार पर रविवार बाकी पेज 8 पर

*सीएए* विरोधी प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप

*स्पेशल* सेल की टीम ने किया खुफिया सूचना के आधार पर गिरफ्तार

> “संदिग्धों की पहचान जम्मू कश्मीर के श्रीनगर निवासी जहानजेब सामी उर्फ दाउद इब्राहिम उर्फ एक्जिब उर्फ अबु मोहम्मद उर्फ अबु अब्दुल्ला (36) और उसकी पत्नी हिना बशीर बेग (39) के तौर पर की गई है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चार मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक हार्ड डिस्क और अन्य प्रतिबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं।
> –**प्रमोद सिंह कुशवाह**, उपायुक्त स्पेशल सेल

## चीन में पृथक केंद्र बना होटल ढहा, दस की मौत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

कोरोना वायरस के खतरे के बीच दक्षिण पूर्वी चीन के फुजियान प्रांत में पृथक केंद्र के रूप में इस्तेमाल हो रहे एक होटल के ढह जाने से दस लोगों की मौत हो गई। सरकारी समाचार एजंसी शिन्हुआ के अनुसार, फुजियान के कुआंझू शहर में शनिवार को ढहे होटल में 71 लोग फंसे हुए थे।

यहां कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम के दौरान संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए लोगों को पृथक रखने के लिए होटल का इस्तेमाल किया जा रहा था। चीन के सरकारी अखबार पीपल्स डेली ने ट्वीट किया, ‘मृतकों की संख्या दस हो गई है। बाकी फंसे 23 लोगों के लिए बचाव कार्य जारी है।’ शिंजिया होटल 2018 से चल रहा था और उसमें 80 कमरे थे।

प्राथमिक जांच में सामने आया कि होटल में जरूरत के मुताबिक बदलाव किया जा रहा था, जब दुर्घटना हुई। इमारत का मालिक पुलिस के कब्जे में बाकी पेज 8 पर

### ईरान में 49 व चीन में 27 और लोगों की मौत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

कोरोना विषाणु से ईरान और चीन में एक ही दिन में बड़ी संख्या में लोगों के मरने की सूचना आई है। ईरान में रविवार को 49और चीन में 27 लोगों की मौत हुई। पिछले करीब एक महीने में मृतकों की एक दिन में यह सबसे –बाकी पेज 8 पर

# केरल में कोरोना संक्रमण के पांच और मामले सामने आए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

केरल में पांच और लोग कोरोना विषाणु से संक्रमित पाए गए हैं। इनमें से तीन लोग (माता-पिता और बेटा) हाल ही में इटली की यात्रा से लौटे थे। इन्होंने अपने परिवार के दो अन्य बुजुर्गों को भी संक्रमित कर दिया। इन पांचों को जोड़कर भारत में कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या 39 हो गई है। पांचों को अस्पताल में पृथक वार्ड में भर्ती कर दिया गया है और इनकी हालत स्थिर है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से इन मामलों की पुष्टि की गई है।

जानकारी के मुताबिक करीब एक सप्ताह पहले इटली से लौटे दंपति और उनका बेटा हवाई अड्डे पर स्वास्थ्य जांच से बच निकले थे। सभी पांचों लोग पथनामथिट्टा जिले के रन्नी के निवासी हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन अतिरिक्त देखभाल की जरूरत है। पचास वर्षीय दंपति ने अपने 24 वर्षीय बेटे के साथ 29 फरवरी को इटली से भारत के लिए उड़ान भरी थी। वेनिस से लौटे तीन लोगों ने अधिकारियों को सूचित नहीं किया था कि वे इटली की यात्रा बाकी पेज 8 पर

**39**
हुई भारत में कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या

*इटली* से लौटे थे दंपति और उनका बेटा व घर के दो बुजुर्ग भी संक्रमित, स्वास्थ्य कर्मियों से छिपाई थी इटली यात्रा की बात


नई दिल्ली के छावला में एक बस पर कीटाणुनाशकों का छिड़काव करता आइटीबीपी का जवान।

### नमूनों की जांच के लिए 24 घंटे काम कर रहे एनआइवी के वैज्ञानिक

पुणे, 8 मार्च (भाषा)।

महाराष्ट्र के पुणे में स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआइवी) के वैज्ञानिक सुरक्षात्मक गाउन, चश्मे, एन-95 मास्क और दस्तानों जैसी रक्षात्मक चीजें पहनकर घातक कोरोना वायरस का पता लगाने के लिए 24 घंटे नमूनों की जांच के काम में जुटे हैं। वहीं, देशभर में फैले इसके सहयोगी केंद्र भी ऐसे नमूनों की जांच रहे हैं।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के बाकी पेज 8 पर

## अस्पतालों को चाकचौबंद रखने के निर्देश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली,8 मार्च।

कोरोना विषाणु के बढ़ते मामलों के देखते हुए एम्स के ट्रॉमा सेंटर व कैंसर संस्थान को इन मरीजों के लिए कम से कम 145 बिस्तरों का इंतजाम रखने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा देश के छह अन्य एम्स व पांडिचेरी चिकित्सा व शोध संस्थान (जिपमेर) में भी एहतियातन अतिरिक्त बिस्तरों का इंतजाम रखने को कहा गया है। दिल्ली सरकार के 25 अस्पतालों में 168 बिस्तरों का व आरएमएल व सफदरजंग में भी मरीजों के इलाज का इंतजाम किया गया है।

कोरोना विषाणु के संक्रमित या संदिग्ध मरीजों के लगातार बढ़ रहे मामलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एम्स को निर्देश दिया है कि रिंग रोड स्थित जयप्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के नए इमरजंसी वार्ड में बाकी पेज 8 पर

**145**
बिस्तरों का इंतजाम रखने का निर्देश दिया गया

## पार्टी में उठी मांग, राहुल फिर से संभालें कमान

नई दिल्ली, 8 मार्च (भाषा)।

कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेताओं अजय माकन व रणदीप सुरजेवाला ने कहा है कि यह राहुल गांधी के फिर से पार्टी की कमान संभालने का उपयुक्त समय है क्योंकि वे पार्टी के भीतर सबसे ज्यादा स्वीकार्य नेता हैं। सुरजेवाला ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी क्षमताएं पर्याप्त रूप से साबित की हैं, कांग्रेस का नेतृत्व करने के लिए वे स्वाभाविक और एकमात्र विकल्प हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने एक साक्षात्कार में राहुल गांधी के फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनने की जोरदार पैरवी करते हुए कहा कि राहुल के अलावा पार्टी के भीतर कोई दूसरा चेहरा नहीं है जो सबको स्वीकार्य हो। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी दिल से नेक इंसान हैं और वे भाजपा एवं नरेंद्र मोदी के खिलाफ निरंतर आक्रामक रुख अपना सकते हैं तथा आम लोगों के मुद्दों को बखूबी उठा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह पूरी तरह उपयुक्त समय है कि राहुल गांधी वापस आएं। मैं पूरी प्रतिबद्धता और वाजिब वजहों से ऐसा कह रहा बाकी पेज 8 पर



> “राहुल के अलावा पार्टी के भीतर कोई दूसरा चेहरा नहीं है जो सबको स्वीकार्य हो। राहुल गांधी दिल से नेक इंसान हैं और वे भाजपा एवं नरेंद्र मोदी के खिलाफ निरंतर आक्रामक रुख अपना सकते हैं तथा आम लोगों के मुद्दों को बखूबी उठा सकते हैं।
> –**अजय माकन**

## लखनऊ में प्रदर्शनकारियों के पोस्टर लगाने के मामले में फैसला आज

# कोर्ट ने पूछा, किस कानून के तहत लगाए पोस्टर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

लखनऊ में सीएए के विरोध प्रदर्शन में निजी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की फोटो सार्वजनिक स्थान पर लगाए जाने के मामले में रविवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट की विशेष पीठ ने पूछा, ‘किस कानून के तहत लखनऊ की सड़कों पर इस तरह के पोस्टर सड़कों पर लगाए गए?’ हाई कोर्ट ने इसे निजता के अधिकार का हनन मानते हुए स्वतः संज्ञान लिया है। रविवार को अवकाश होने के बावजूद मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोविंद माथुर और न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के विशेष पीठ ने इस पर सुनवाई की। सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है। फैसला सोमवार को दिन में दो बजे फैसला सुनाया जाएगा।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोविंद माथुर ने कहा कि सार्वजनिक स्थान पर संबंधित व्यक्ति की इजाजत के बिना उसका फोटो या पोस्टर लगाना गलत है। यह निजता के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने लखनऊ के डीएम और पुलिस कमिश्नर से पूछा, ‘ऐसे कौन से कानून हैं, जिससे सरकार को सार्वजनिक स्थान पर फोटो चिपकाने करने बाकी पेज 8 पर

### सीएए विरोध का मामला

*इलाहाबाद* हाई कोर्ट की विशेष पीठ ने निजता के अधिकार का हनन मानते हुए स्वतः संज्ञान लिया

# वायुसेना की पायलटों समेत 15 सम्मानित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वायुसेना की तीन महिला पायलटों समेत एक महिला राजमिस्त्री, सौ वर्ष से अधिक उम्र की एथलीट, झारखंड की महिला टार्जन समेत 15 महिलाओं को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह में मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गौर से एक-एक महिला की कहानी सुनी और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कल्याण में महिलाओं की अथक सेवा को पहचान देने के लिए सरकार हर साल नारी शक्ति पुरस्कार प्रदान करती है। साल 2019 के विजेताओं में कृषि, खेल, हस्तकला, वनीकरण, वन्यजीव संरक्षण, सशस्त्र बाकी पेज 8 पर

### नारी शक्ति पुरस्कार

**103** साल की एथलीट मन कौर कही जाती हैं चंडीगढ़ का चमत्कार

*पुरस्कार* पाने वालों में मिग उड़ाने वाली पायलट मोहना, भावना और अवनि शामिल

*पुरस्कार* समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने गौर से एक-एक महिला की कहानी सुनी


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति के हाथों नारी शक्ति पुरस्कार ग्रहण करने वाली एथलीट मन कौर।

### दरअसल




नरेंद्र मोदी ने महिला दिवस पर सौंपा अपना ट्विटर हैंडल | **स्त्री शक्ति** | समाज को नई दिशा दिखातीं कहानियां

# प्रधानमंत्री के जरिए देश ने जानी सात महिलाओं की गाथा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

‘मेरा सपना है कि भारत भूख से मुक्त राष्ट्र बने।’ यह कहना है स्नेहा मोहनदास का, जो ‘फूड बैंक इंडिया’ की संस्थापक हैं। स्नेहा उन सात महिलाओं में शामिल हैं, जिन्हें रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना निजी ट्विटर हैंडल @narendramodi सौंपा। स्नेहा, मालविका अय्यर, आरीफा जान, कल्पना रमेश, विजया पवार, कलावती देवी और वीना देवी... ये वे महिलाएं हैं; जिन्होंने रविवार को इतिहास रचा।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन महिलाओं को अपना ट्विटर हैंडल समर्पित किया है, सबने अपने-अपने क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है और इन सबकी कहानियां समाज को नई दिशा दिखाने वाली हैं। प्रधानमंत्री के ट्विटर हैंडल से इन सबने अपनी-अपनी कहानियां बताते हुए वीडियो ट्वीट किए। प्रधानमंत्री ने अपने इंस्टाग्राम पेजों और फेसबुक पर भी इन महिलाओं के छोटे वीडियो साझा किए। महिलाओं की उपलब्धियों के साथ उन्होंने हैशटैग ‘शी इंस्पायर्स अस’ लगाया।


स्नेहा मोहनदास, मालविका अय्यर, आरिफा जान, कल्पना रमेश, विजया पवार, कलावती देवी, वीना देवी

*अंतरराष्ट्रीय* महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन महिलाओं को अपना ट्विटर हैंडल समर्पित किया है, सबने अपने-अपने क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है।

*इन सभी* महिलाओं की कहानियां समाज को नई दिशा दिखाने वाली हैं। प्रधानमंत्री के ट्विटर हैंडल से इन सबने अपनी-अपनी कहानियां बताते हुए वीडियो ट्वीट किए।

**स्नेहा मोहनदास**

चेन्नई की स्नेहा मोहनदास ने मोदी के ट्विटर से अपनी ‘फूड बैंक इंडिया’ मुहिम के बारे में बताया है। उन्होंने अपनी मां से प्रेरित होकर बेघरों को खाना खिलाने की पहल की। इसकी शुरुआत 2015 में की गई थी। वे कहती हैं, ‘मेरा सपना है कि भारत भूख से मुक्त राष्ट्र बने।’ उनके ‘फूड बैंक इंडिया’ के 18 से ज्यादा चैप्टर भारत में और एक शाखा दक्षिण अफ्रीका में काम कर रही है। वे लोगों इस मुहिम से जुड़ने के लिए कहती हैं और रोजाना कुछ ज्यादा पकाने के लिए कहती हैं, जिसका एक हिस्सा जरूरतमंदों को दिया जा सके। वे कहती हैं, ‘हमने सामूहिक रूप से भोजन पकाना, खाना बाकी पेज 8 पर

www.readwhere.com

होली पर कानून की अनदेखी पड़ेगी महंगी

# वाहन हो सकता है जब्त और लाइसेंस रद्द

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 मार्च।

होली के मद्देनजर दिल्ली यातायात पुलिस ने दिशा-निर्देश जारी कर दिल्लीवासियों से अपील की है कि होली के दिन शराब पीकर वाहन ना चलाएं। ऐसे चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में यातायात पुलिसकर्मी और पीसीआर तैनात रहेंगे, जो वाहन चालकों पर नजर रखेंगे। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों पर विशेष नगर रखी जाएगी। संयुक्त आयुक्त, यातायात एनएस बुंदेला ने बताया कि इस बार होली के दिन नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों का जहां एक ओर तीन महीने के लिए लाइसेंस रद्द किया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर वाहन भी जब्त कर लिया जा सकता है। साथ ही 1600 यातायात पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। 170 जगह यातायात पिकेट्स और 131 टीमें यातायात पर नजर रखेंगी।

**वाहन** चालकों पर दिल्ली पुलिस रखेगी विशेष नजर

**शराब** पीकर वाहन चालने वाले का लाइसेंस भी हो सकता है रद्द

एनएस बुंदेला ने अपील कि है कि होली के दिन दोपहिया वाहन चालक वाहन चालक शराब पीकर वाहन ना चलाएं और कानून का पालन करें। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष हिदायत देते हुए संयुक्त आयुक्त ने कहा कि खतरनाक तरीके से वाहन ना चलाएं। बुंदेला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अकसर देखा जाता है होली के दिन नियमों की अनदेखी कर वाहन चालक सड़कों पर करतब बाजी करते हैं। इसके साथ ही रेस लगाते हैं। शराब के नशे में होने की वजह से जहां एक ओर वह अपने जान को जोखिम में डालते हैं। वहीं, दूसरी ओर दूसरे राहगीर के लिए भी परेशानी का सबब बनते हैं।

# तिहाड़ के कैदियों ने तैयार किया हर्बल गुलाल

अमलेश राजू
नई दिल्ली, 8 मार्च।

दिल्ली के उत्तर-पूर्वी इलाके में हुए दंगे और कोरोना विषाणु के संकट के बाद जहां कई संगठनों और लोगों ने होली न मनाने की घोषणा की है। इसके बावजूद बाजार में पिचकारी और गुलाल ने दस्तक दे दी है। बच्चे चीनी पिचकारी और केमिकल मिले रंग को खरीदने को बाध्य है। इसी उहापोह के बीच दिल्ली के तिहाड़ जेल ने हर्बल गुलाल का एक नया प्रयोग किया है। तिहाड़ में बंद कैदियों के हाथों बनाया गया यह गुलाल से किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होने का दावा किया जा रहा है। कैदियों ने करीब डेढ़ हजार किलो गुलाल तैयार कर दिल्ली वालों को हर्बल होली की ओर आने को प्रेरित किया है।

तिहाड़ जेल के आइजी राज कुमार के मुताबिक इस गुलाल को बनाने के लिए किसी भी रंग का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। यह बिलकुल प्राकृतिक चीजों से बनाया गया है। कुमार के मुताबिक इस गुलाल की सबसे खास बात यह है कि इसका त्वचा के लिए हानिकारक नहीं है। इस हर्बल गुलाल से होली खेलने से सौहार्द का वातावरण बनेगा। अक्सर लोग केमिकल वाले गुलाल का इस्तेमाल करते हैं जिससे दूसरे व्यक्ति को नुकसान होता है। उनका कहना है कि होली खेलने के लिए हर्बल गुलाल का प्रयोग करना चाहिए। इस बार तिहाड़ में डेढ़ हजार किलो गुलाल बनाया गया है जिसमें एक हजार किलो गुलाल बेचा जा चुका है। जो कि करीब 50 हजार रुपए में बिका। हर्बल गुलाल का सबसे बड़ा फायदा है कि यह त्वचा के लिए बिलकुल सुरक्षित है।



तैयार किया करीब डेढ़ हजार किलो गुलाल

50 हजार रुपए में बिका एक हजार किलो

तिहाड़ से सटे हरिनगर, उत्तमनगर, जनकपुरी से यह गुलाल खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लग गई है। उधर रंगों का त्योहार होली में बाजार पूरी तरह सज चुका है। रंग और पिचकारी के लिए लोगों की भीड़ को बाजार में देखा जा सकता है। इस भीड़ में चीनी पिचकारी और केमिकल से लेस रंग खुलेआम बिक रहे हैं।

### रंग खरीदते समय इन बातों का रखें ख्याल

सफदरजंग में रेजिडेंट डाक्टर रहे डॉ अमित कुमार कहते हैं कि होली पर हम सभी जानते हैं कि बाजार में कई तरह के केमिकल वाले रंग बिकते हैं। जो कि हमारी त्वचा के लिए बिलकुल भी सही नहीं हैं। ऐसे में हमें हर्बल रंगों का चुनाव करना चाहिए। लेकिन हर्बल रंगों की पहचान कैसे करें। रंगों की खरीदारी करते हुए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए जिससे दुकानदार हमें केमिकल वाले रंग देकर ठग ना पाए। रंगों के पैकेजिंग पर उसे बनाने में उपयोग हुई सामग्रियों को ध्यान से पढ़ना चाहिए। अगर उसमें यह लिखा है कि रंग का निर्माण गुलाब, हल्दी आदि सामग्रियों को लेकर तैयार किया गया है तो वह रंग प्राकृतिक होगा। केमिकल वाले रंगों में स्पार्कल (चमकीला पदार्थ) होता है जिससे ये रंग काफी चमकीले दिखते हैं। चमकीलेपन से इसका पता दूर से ही देखकर लगाया जा सकता है। ऐसे में खरीदारी के दौरान आप रंगों को हाथ में उठाकर देखें कि उसमें स्पार्कल तो नहीं है। प्राकृतिक रंग हल्के होते हैं।

राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रेजिडेंट डाक्टर रही डॉ रजनी सिंहा कहती हैं कि अगर आपको यह पता करना है किन-किन रंगों के प्रयोग से आपकी त्वचा पर बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में आपको अपना स्किन पैच टेस्ट कराना चाहिए। आपको पता चल जाएगा किस तरह के रंगों से आपकी स्किन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। साथ ही रंगों की खरीदारी के दौरान इस बाा का जरूर ध्यान रखिए कि उस पर एक्सपायरी डेट लिखी हुई है या नहीं। प्राकृतिक रंगों में प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है इसलिए इसकी एक्सपायरी डेट छह से सात महीने की होती है।

रंग खेलते समय किसी की अनुमति के बगैर उसपर रंगों का प्रयोग बिलकुल नहीं करें। ऐसा करना आपराधिक मामला बन सकता है। हमें आपस में रंग का कम से कम से प्रयोग कर हर्बल गुलाल का प्रयोग करना चाहिए ताकि किसी को कोई नुकसान नहीं हो।

## अवैध शराब बरामद, चालक फरार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 मार्च।

पीसीआर यूनिट ने होली पर शराब की एक खेप बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के पीसीआर वाहन ने अवैध शराब के 642 पौवे होंडा अमेज कार से बरामद किए हैं। पीसीआर के उपायुक्त शरत कुमार सिंहा के मुताबिक मोहन गार्डन, उत्तमनगर के गगन भारती पब्लिक स्कूल पीपल चौक के पास होंडा कार को रविवार तड़के जांच के लिए रोका गया। चालक ने कार भगाने की कोशिश की तो पीसीआर ने खदेड़कर गाड़ी को दबोच लिया। अंधेरा का फायदा उठाकर आरोपी चालक पुलिस पार्टी को देखकर खुद की कार को पास के एक बिजली के पोल में टक्कर मारकर भागने में सफल हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर जांच की तो उसमें 642 पौवे देशी शराब बरामद की। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।

## डीएसजीपीसी ने दस हजार मास्क बांटे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 मार्च।

कोरोना विषाणु से बचाव के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (डीएसजीपीसी) ने रविवार को दस हजार मास्क वितरित किए। डीएसजीपीसी की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक गुरुद्वारा बंगला साहिब परिसर में एक समारोह के दौरान जरूरतमंदों को दस हजार मास्क वितरित किए गए। इस दौरान समिति के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि बाजार में मास्क की कीमतों में वृद्धि और कोरोना विषाणु से बचाव के मद्देनजर यह कदम उठाया गया।

बाजार में मास्क की कीमतों में वृद्धि और कोरोना के संक्रमण के कारण उठाया यह कदम : सिरसा

सिरसा ने कहा कि कोरोना विषाणु के खिलाफ जंग में आगामी दिनों में राजधानी के अन्य गुरुद्वारों में भी मुफ्त मास्क और अन्य चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। सिरसा ने बताया कि रविवार को गुरुद्वारा बंगला साहिब में दस हजार मास्क वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि कोरोना का संक्रमण रोकने के लिए समिति ने सभी गुरुद्वारा परिसरों की सफाई के मानदंडों को और कड़ा करते हुए सभी श्रद्धालुओं के साबुन से हाथ धोने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

ए. मेनारिनी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड
नं. 101, टावर ए, शपथ-4, कर्णावती क्लब के सामने
एस.जी. रोड, अहमदाबाद, गुजरात-380015, Phone No.: 91 22 42280700
Website: http://www.menariindia.com, E-mail: cuctomer-care.india.@menariniapac.com
CIN No.: U74130GJ2001PTC039600
सार्वजनिक सूचना
(औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश 2013 के पैराग्राफ 21 (2) के अंतर्गत)
आम जनता का ध्यान इस तथ्य की ओर आकृष्ट किया जाता है कि ए. मेनारिनी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय नं. 101, टावर ए, शपथ-4, कर्णावती क्लब के सामने, एस.जी. रोड, अहमदाबाद, गुजरात- 380015 में तथा कॉर्पोरेट कार्यालय 2102, टावर 3, इंडियाबुल्स फाइनेंस सेन्टर, सेनापति बापट मार्ग, एलफिन्स्टन रोड (वेस्ट), मुम्बई-400013 में है, इस सूचना की तिथि से छः माह की अवधि के बाद निम्न वर्णित फार्मूलेशन्स निर्माण तथा विपणन रोकने तथा बंद करने के इच्छुक है।
1. BRUFAMOL Tablets (Ibuprofenip400mg+ Paracetamol IP325 mg Tablets)
उपरोक्त मेडिसिन्स को बंद करने के बाद यह बाजार में उपलब्ध नहीं भी हो सकता है। अतएव इस मेडिसिन्स का उपयोग करने वाले मरीज वैकल्पिक मेडिसिन प्रेस्क्राइब करने के लिये अपने डॉक्टर से सम्पर्क करें। सभी डॉक्टर/ चिकित्सा कर्मी इस तथ्य का ध्यान रखें।
हस्ता./-
निदेशक- बीडी, विपणन
ए. मेनारिनी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड
तिथि: 9 मार्च, 2020
स्थान: मुम्बई







www.readwhere.com

| मौसम | | | | |
|---|---|---|---|---|
| *तापमान* | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
| अधिकतम | 24.8 डि.से. | 24.8 डि.से. | 24.2 डि.से. | 24.8 डि.से. |
| न्यूनतम | 11.1 डि.से. | 11.1 डि.से. | 11.0 डि.से. | 11.0 डि.से. |



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एनएमआरसी ने दी सौगात

# दो गुलाबी स्टेशनों की शुरुआत

**जनसत्ता संवाददाता**
नोएडा, 8 मार्च।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को नोएडा मेट्रो ने दो पिंक (गुलाबी) स्टेशनों की शुरूआत की। महिला मुसाफिरों की सुविधा के लिए पिंक स्टेशनों का अनावरण नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) की प्रबंधन निदेशक रितु माहेश्वरी ने किया। नोएडा मेट्रो में कुल कर्मचारियों में करीब 25 फीसद महिला कर्मी हैं लेकिन पिंक स्टेशनों पर पूर्ण स्टाफ महिलाओं का है। यहां बच्चों को दुग्धपान, बेबी डायपर बदलने, मेकअप और चेंजिंग रूम समेत सेल्फी पाइंट की सुविधा मिलेगी।

एक्वा लाइन के सेक्टर-76 और परी चौक मेट्रो स्टेशनों को पिंक स्टेशन बनाया गया है। इन स्टेशनों पर एक्वा लाइन की महिला यात्रियों के लिए बच्चे को दुग्धपान कराने के लिए कक्ष, बेबी डायपर बदलने और मेकअप, चेंजिंग रूम और सेल्फी पाइंट जैसी सुविधाएं हैं। ये सभी सुविधाएं सभी महिला यात्रियों के लिए निःशुल्क



उपलब्ध हैं। इन दोनों स्टेशनों के अलावा एक्वा लाइन के सभी 21 स्टेशनों पर सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें भी लगाई गई हैं। ये मशीनें सेनेटरी नैपकिन को मुफ्त में वितरित करेंगी। इस मशीन को संचालित करने के लिए टोकन सभी स्टेशनों के कस्टमर केयर काउंटर पर उपलब्ध होंगे। तीन अन्य स्टेशनों को पिंक स्टेशन बनाने की योजना है। इस अवसर पर नोएडा मेट्रो में कार्यरत महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ स्टेशन नियंत्रक के रूप में अनुप्रिया सेन, सर्वश्रेष्ठ महिला मेट्रो ट्रेन चालक के रूप में निशा, रोलिंग स्टाक सुपरवाइजर मधुलिका, सिग्नल सुपरवाइजर आकांक्षा श्रीवास्तव, इलेक्ट्रिकल विभाग की भावना अहिरवाल, ट्रैक मरम्मत में कुसुम देवी, सिविल सुपरवाइजर नेहा राय को सम्मानित किया गया।

### स्टेशनों पर रोबोट के इस्तेमाल की तैयारी

रविवार को कार्यक्रम की शुरुआत में एक रोबोट ने एनएमआरसी की लाइन और कार्यक्रम के बारे में आवाज के जरिए परिचय दिया। रोबोट का नाम नीति दिया गया है। अब रोबोट को स्टेशनों पर कई व्यवस्थाओं का जिम्मा दिए जाने की तैयारी है। टिकट काउंटर और ग्राहक पूछताछ केंद्र पर रोबोट को बैठाया जाएगा। लोगों को टिकट रोबोट ही देगा। स्टेशन कितने हैं, कितनी दूर पार्किंग है, बस कहां से मिलेगी जैसे तमाम सवालों के जवाब भी यही रोबोट देगा। रोबोट के पास कर्मचारी सिर्फ मदद के रूप में काम करेंगे। रविवार को कार्यक्रम में रोबोट का प्रदर्शन किया गया। रोबोट का प्रयोग करने वाले मिथ मीडिया के अध्यक्ष मिथलेश ने बताया कि इसके हार्डवेयर की कीमत 15-20 लाख रुपए है। 19 भाषाओं में इसकी प्रोग्रामिंग की जा सकती है। हिंदी और अंग्रेजी में अभी इसका प्रयोग किया जा रहा है। रोबोट को विदेश से मंगाते हैं। इसमें प्रोग्राम सेट करते हैं। प्रिंटर से अटैच करने के बाद यह काम करना शुरू कर देता है।



नीति नाम के रोबोट को दिखाते हुए कर्मचारी।

# महिलाओं को हर दिन सम्मानित किया जाना चाहिए : अमीषा

**जनसत्ता संवाददाता**
नोएडा, 8 मार्च।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों, बलिदानों और समाज में उनके योगदान के महत्व को उजागर करने के लिए यथार्थ अस्पताल ने रविवार को तीन किमी लंबे वॉकथन का आयोजन किया। बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने सुबह साढ़े छह बजे इस वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. अनुराग भार्गव और नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी भी उपस्थित रहीं। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने कहा, महिलाओं को सम्मान के लिए किसी एक दिन ही समारोह नहीं मनाया जाना चाहिए, बल्कि हर दिन उन्हें सम्मानित किया जाना चाहिए। महिला सशक्तिकरण आज सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पहलुओं में से एक है।

वॉकथन के सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए थे। इस मौके पर वक्ताओं ने महिला स्वास्थ्य और महिला कल्याण के साथ-साथ समाज के हित के लिए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। अस्पताल की निदेशक डॉ. मंजू त्यागी ने कहा कि महिलाओं के खराब स्वास्थ्य से जो कारण सीधे तौर पर जुड़े हैं। उनमें से एक प्रमुख कारण देश में महिलाओं के साथ लगातार होने वाला भेदभाव और महिलाओं की कथित निम्न स्थिति है। दुनिया भर में मातृत्व मृत्यु के जितने मामले होते हैं उनमें से 20 फीसद मामले भारत में होते हैं। भारत में हर साल 56 हजार मौतें मातृत्व से संबंधित हैं और यह गंभीर चिंता का विषय है।



तीन किमी लंबी वॉकथन को बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने दिखाई हरी झंडी।

## एंबुलेंस में स्ट्रेचर पर रखकर ला रहे थे 26 पेटी शराब

**जनसत्ता संवाददाता**
ग्रेटर नोएडा, 8 मार्च।

जेवर टोल पर पुलिस ने एक एंबुलेंस से 26 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की बरामद की हैं। शराब तस्करों ने स्ट्रेचर पर नीचे और ऊपर शराब को आदमी की तरह रखकर कपड़ा ढक रखा था। पुलिस को चकमा देने के लिए उस पर ग्लूकोज की बोतल भी लटका रखी थी। पुलिस को देखकर आरोपी एंबुलेंस छोड़कर फरार हो गए।

थाना जेवर के एसएचओ अजय अग्रवाल ने बताया कि शनिवार रात टोल चौकी प्रभारी सीपी शर्मा अपनी टीम के साथ यमुना एक्सप्रेस वे पर जेवर टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच कर रहे थे। तभी नोएडा की तरफ से एक एंबुलेंस आती दिखी। पुलिस ने एंबुलेंस को रुकने का इशारा किया, तो चालक टोल से पहले ही रुक गया और एंबुलेंस छोड़कर भाग गया। पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस की तलाशी ली। अंदर स्ट्रेचर पर अवैध शराब की बोतल और नीचे बने डब्बे में भी शराब की बोतलें थीं।

## बसों, मेट्रो व अस्पतालों को नियमित रूप से संक्रमण मुक्त करने के आदेश : केजरीवाल

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 8 मार्च।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने कोरोना विषाणु से निपटने के लिए एहतियाती कदम के तौर पर डीटीसी और क्लस्टर बसों, मेट्रो और अस्पतालों को नियमित आधार पर संक्रमण मुक्त करने के आदेश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली में अभी तक कोरोना विषाणु के तीन मामले सामने आए हैं और एक मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना विषाणु मरीजों के लिए 25 अस्पतालों में 168 पृथक बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील की कि अगर उनका कोई पड़ोसी पिछले 14 दिन में विदेश से लौटा है तो उन्हें सरकार को इसकी सूचना देनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने रविवार को राज्य कार्य बल की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि सरकार कोरोना विषाणु से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि डीटीसी, क्लस्टर बसों, दिल्ली मेट्रो और अस्पतालों को प्रतिदिन संक्रमण मुक्त करने के लिए एक आदेश जारी कर दिया गया है।

## दिल्ली दंगों में 700 मुकदमे दर्ज

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 8 मार्च।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगे के सिलसिले में पुलिस ने करीब 700 मुकदमे दर्ज किए हैं और करीब 2400 लोगों को पकड़ा है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक हिंसा के संबंध में 2387 लोगों को या तो हिरासत में लिया गया है या गिरफ्तार किया गया है। अबतक 702 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक 49 मुकदमे सशस्त्र कानून के तहत दर्ज किए गए हैं। इसके साथ ही पूरे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हिंसा ग्रस्त इलाकों में अमन समिति के साथ 283 बैठकें की गई हैं। इन बैठकों में सभी समुदाय के लोगों को एक साथ मिल जुलकर रहने के साथ आपस में भाईचारा बनाए रखने कहा गया है।

इलाके में बनाए गए एक हेल्प डैस्क पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सादात अनवर ने बताया कि इस इलाके में अभी लोगों का सामान्य जीवन बहाल होने में कई महीने लग जाएंगे। पुलिस अपने तय अन्य प्रशासनिक विभागों के साथ मिलकर उन्हें व्यवस्थित तो करना चाहती हैं लेकिन उनका घर और रोजगार जिस तरह पूरी तरह तबाह हुआ है उसे पूरी तरह पटरी पर लाने में अभी समय लगेगा। अनवर कहते हैं कि जिस तरह कई राज्यों में शराब बंदी कानून बनाया गया है उसी तरह केंद्र या राज्य सरकार को दंगा बंदी कानून बनाना चाहिए। अनवर के साथ मुजम्मिल हुस्सेन, फरीद अहमद, पीसी कुरिल सहित अन्य लोगों ने इलाके में घूम-घूमकर लोगों से भाईचारा बनाए रखने की मांग की है।

## 'महिलाओं को सलाम'

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 8 मार्च।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समाज को दिशा देने और देश निर्माण के लिए सभी महिलाओं को रविवार को सलाम किया।



मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया कि मेरी सभी बहनों, माताओं और बेटियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं। महिलाओं के लिए अवसरों को बढ़ते हुए देखना बहुत सुखद है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं और पुरुष सच्चे मायने में बराबर के साझेदार बनेंगे तभी हम प्रगति कर सकते हैं। हमारे समाज को दिशा देने व राष्ट्र निर्माण के लिए सभी महिलाओं को मेरा सलाम।

### आज के कार्यक्रम

**सभा/संगोष्ठी**

**इंडिया हेबीटेट सेंटर** : सेंटर वार्षिक होली महोत्सव 2020, द हब, हेबीटेट वर्ल्ड, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी तिलहर-शाहजहाँपुर।

पत्रांक सी-814/लेखा/क्षे.पं./2020 दिनांक 07.03.2020

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों को कराये जाने हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें दिनांक 19.03.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदारों द्वारा निविदायें इस विकास खण्ड कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में उक्त दिनांक तक डाल सकते हैं तथा उनके द्वारा पंजीकृत डाक से भी निविदायें उक्त दिनांक व समय तक प्रेषित की जा सकती हैं। जोकि दिनांक 20.03.2020 को पूर्वान्ह 11.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष (जो उपस्थित होना चाहते हैं) खोली जायेगी। इच्छुक पंजीकृत निविदादाता जोकि आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकरण हो निविदा फार्म निविदा प्रकाशित होने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 18.03.2020 तक विकास खण्ड कार्यालय से निविदा फार्म शुल्क रु. 500.00 (पाँच सौ) मात्र नकद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें विकास खण्ड पर निविदा प्रकाशन के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

**निविदा हेतु कार्यों का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु. में) | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | विकास खण्ड कार्यालय भवन, कम्प्यूटर कक्ष एवं शौचालयों की मरम्मत का कार्य | 9.115 | 500.00 | 18230.00 | 01 माह |
| 2 | ग्राम राजनपुर में झांझनलाल के मकान से रामप्रसाद के खेत तक 190 मी. खड़न्जा निर्माण | 3.525 | 500.00 | 7050.00 | 01 माह |
| 3 | ग्राम रजपुरा में साबिर के मकान से राजेन्द्र सिंह के मकान तक 250 मी. खड़न्जा व नाली निर्माण | 7.130 | 500.00 | 14260.00 | 01 माह |
| 4 | ग्राम सराय लुहानी उर्फ दिउरिया में दामोदर दास की जगह से दरबारी लाल के ट्यूबवेल तक 160 मी. खड़न्जा निर्माण | 2.980 | 500.00 | 6000.00 | 01 माह |
| 5 | ग्राम लखौहा में रोड से हेतराम के घर तक 100 मी. खड़न्जा निर्माण | 1.645 | 500.00 | 3300.00 | 01 माह |
| 6 | खण्डसार में पलिया मार्ग से उ.प्रा. विद्यालय के पास से होते हुए ग्राम के बाहर तालाब तक 220 मी. नाली निर्माण | 3.877 | 500.00 | 7760.00 | 01 माह |
| 7 | ग्राम गुरगवाँ में पुलिया से मुब्बन के खेत तक 300 मी. खड़न्जा निर्माण | 5.680 | 500.00 | 11360.00 | 01 माह |
| 8 | ग्राम नवदिया धूसर के पूर्व भख्सी नाला पर पुलिया का निर्माण | 9.825 | 500.00 | 19650.00 | 01 माह |

**मुख्य नियम व शर्तें-**

1. प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि को एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में जो कि खण्ड विकास अधिकारी तिलहर-शाहजहाँपुर के पक्ष में बन्धक हो को संलग्न किया जाय।
2. जमानत धनराशि निविदा की 10 प्रतिशत होगी, जो कि निविदा स्वीकृति के उपरान्त धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत को समायोजित करते हुए शेष 8 प्रतिशत को एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी तिलहर के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करना होगा।
3. धरोहर धनराशि एवं जमानत धनराशि को नगद व चेक के रूप में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रेषित की जाने वाली निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
5. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त किये जाने का अधिकारी क्षेत्र पंचायत तिलहर/अधोहस्ताक्षरी को होगा।
6. समस्त कार्य उपलब्ध धनराशि के अनुसार ही कराये जायेंगे।

हस्ता./-
खण्ड विकास अधिकारी,
तिलहर-शाहजहाँपुर।


### दिल्ली मेरी दिल्ली

#### कुर्सी का गम!

कुर्सी जाने का गम तो होता ही है। सो, भाजपा नेता इससे क्यों अछूते रहें भला। एक दृष्य हाल में संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा के प्रथम सत्र में भी दिखी। जब पिछले विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभा चुके विजेंद्र गुप्ता शपथ ग्रहण के बाद जाने कहां खो गए। वे शपथ-रजिस्टर में बिना दस्तख्त किए ही सीट पर बैठने चले गए। यह तो भला हो उनके साथी विधायकों का जो उन्हें ध्यान दिलाया और वे फिर दस्तख्त करने 'वेल' में आए। दर्शक दीर्घा में चर्चा शुरू हो गई कि इस बार उनकी कुर्सी क्या छीनी वे मानो 'अपसेट' से हो गए। बता दें कि इस वाक्या के करीब तीन घंटे पहले ही भाजपा विधायक दल की बैठक में रामवीर सिंह बिधुड़ी को विपक्ष का नेता घोषित किया गया था। गुप्ता रेस से बाहर हो गए थे। लिहाजा बात तो एक दूसरे से जुड़ना स्वाभाविक था।

#### परेशानी बढ़ी

गौतमबुद्ध नगर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद अपराध नियंत्रण में कोई खास बदलाव नहीं आया है। वहीं, कप्तान के मुकाबले आयुक्त की तैनाती का असर यह पड़ा है कि पुलिस महकमे में उच्चाधिकारी भी किसी बात पर स्पष्टीकरण मांगने से कतराते हैं। नतीजतन लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। हाल ही में नोएडा के एक बड़े दवा कारोबारी को एक थाने की पुलिस उनके घर से रात डेढ़ बजे जबरदस्ती उठा कर लाई। मास्क को महंगे दाम पर भेजने का आरोप लगाते हुए स्कार्पियो कार में सवार पुलिस कर्मियों ने कारोबारी से बत्तमीजी की। बगैर अपराध बताए आधी रात के बाद उन्हें शराबियों के साथ लॉकअप में बंद कर दिया। सूचना मिलने पर रात में ही करीब पांच दर्जन से ज्यादा पीड़ित के परिजन, सहकारोबारी, जानकार थाने पहुंचे। लाख मिन्नते करने के बाद थानाध्यक्ष रात करीब तीन बजे आए और आयुक्त के किसी कर्नल दोस्त की शिकायत पर बगैर शिकायत की जानकारी हुए बंद करने की बात कही। अगले दिन सुबह तक का समय देने के लिए उच्चाधिकारियों से फोन आने की बात कहकर थानाध्यक्ष सोने चले गए। लोगों की भीड़ बढ़ने पर सुबह 4:30 बजे उन्हें इस शर्त पर छोड़ा कि सुबह नौ बजे वे थाना जरूर पहुंचे। सुबह पीड़ित के पहुंचने पर पहले से एक कर्नल बताए गए व्यक्ति बैठे थे, जिन्होंने पीड़ित को देखकर कहा कि ये वह नहीं है, जिसकी शिकायत की थी। तब भी पुलिस ने खुद की गलती मानकर माफ करने की बात कहना तो दूर बल्कि महंगा कोई सामान नहीं बेचने की नसीहत देकर थाने से जाने दिया।

#### पुलिस की चुप्पी

दिल्ली में हुए दंगों के बाद कुछ दिनों तक दिल्ली पुलिस के अधिकतर अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी थी। अधिकतर अधिकारी दंगे को लेकर अधिकारिक बयान देने से बचते हुए दिखे। हालांकि, बाद में कई सवाल जरूर दिल्ली पुलिस की मीडिया सेल की ओर से खड़े किए गए। प्रवक्ता ने तो फोन तक उठाना लाजमी नहीं समझा। दिलचस्प बात यह है कि एक घटना को लेकर दिल्ली पुलिस एक दिन बाद गहरी नींद से जागी और उस घटना से जुड़ी सिलसिलेवार पूरी जानकारी मुहैया करवा दी। यही नहीं अक्सर देखा गया है कि जब कभी दिल्ली में कोई बड़ी घटना घटती है तो दिल्ली पुलिस के अधिकारी चुप्पी साध लेते हैं। पर अगले दिन नींद से जागते हैं और फिर बड़ी दिलचस्पी लेकर घटनाक्रम की सिलसिलेवार जानकारी मुहैया करवाते हैं। हालांकि, तब तक काफी दे हो चुकी होती है। इस बार भी दंगों को लेकर दिल्ली पुलिस ने वही ढर्रा अपनाया, जो हमेशा अपनाते आई है। अब देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि पुलिस चुप्पी कब तोड़ती है और समय पर जानकारी मुहैया करवाने में उसी प्रकार से दिलचस्पी लेती है, जैसे एक दिन बाद लेती है।

#### निगम क्या करे

कोरोना विषाणु पर केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के बाद अब नगर निगम ने भी अपनी ओर से व्यवस्था का दावा शुरू कर दिया है। निगम के स्वास्थ्य विभाग की बैठक में इस आशय पर जमकर चर्चा हुई। लेकिन जैसे ही बैठक समाप्त हुई तो एक सदस्य ने हंसते हुए कहा कि जब केंद्र और राज्य ही खुद को असहाय महसूस करते हैं और अपने-अपने अस्पतालों में पुख्ता इंतजाम नहीं कर पा रहे हैं तब निगम की क्या औकात? यह तो एक खानापूर्ति है और प्रचार पाने का जरिया ताकि निगम भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में पीछे क्यों रहे?

**-बेदिल**

एम्स निदेशक डा. गुलेरिया ने कहा, रोग प्रतिरोधक क्षमता ही विषाणु को खत्म कर देती है

# कोरोना : दहशत में न आएं, सावधानी ही बचाव

नई दिल्ली, 8 मार्च (भाषा)।

कोरोना वायरस के दिल्ली में दस्तक देने और इसे लेकर देशभर में बढ़ती दहशत के बीच दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया ने कहा है कि कोरोना से घबराने या दहशत में आने की कोई जरूरत नहीं है। उनका कहना है कि सावधानी बरतने से ही इसकी चपेट में आने से बचा जा सकता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या कोरोना वायरस के खतरे के मुकाबले इससे लोगों में दहशत ज्यादा है? डा. गुलेरिया ने कहा, 'कोरोना से भयभीत होने की बिल्कुल जरूरत नहीं है क्योंकि इसमें मौत का खतरा महज दो से तीन फीसद ही है। हां, यह सही है कि इसके मामले अचानक अधिक संख्या में सामने आने के कारण दहशत फैल गई। इस दहशत से बचने के लिए यह समझना जरूरी है कि अब तक कोरोना के जितने भी मामले सामने आए हैं उनमें लगभग 80 फीसद मरीज हल्की बीमारी का शिकार हुए और सामान्य दवाओं से ही ठीक हो गए, क्योंकि मरीज की रोग प्रतिरोधक क्षमता ही वायरस को खत्म कर देती है।' उनका कहना है कि चिंता सिर्फ उन मरीजों के लिए होती है जो बुजुर्ग हैं और जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है। ऐसे मरीजों को आईसीयू में रखना पड़ता है क्योंकि इनमें ही मौत का खतरा रहता है। इसलिए जनसामान्य को भयभीत होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है।



उन्होंने कहा कि समझने वाली दूसरी बात यह है कि इस वायरस के संक्रमण का खतरा संक्रमित व्यक्ति के बहुत नजदीक, यानी दो से तीन मीटर करीब आने के दौरान ही होता है। अगर आप संक्रमित व्यक्ति से दूर हैं तो यह जरूरी नहीं है कि इसका संक्रमण आप तक पहुंच ही जाए। इसलिए यह मानना कतई उचित नहीं है कि दिल्ली में कुछ लोगों को संक्रमण हो गया है तो पूरी दिल्ली में संक्रमण फैल जाएगा।

कोरोना के खतरे के कारण स्कूलों के बंद की पृष्ठभूमि में बच्चों पर इस वायरस का खतरा किस हद तक है, इस सवाल के जवाब में डा. गुलेरिया ने कहा, 'अगर हम आंकड़ें देखें तो चीन सहित अन्य देशों में कोरोना वायरस का संक्रमण बच्चों में कम और वयस्कों में ज्यादा हुआ है। लेकिन रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिहाज से देखें तो बच्चों और बुजुर्गों में संक्रमण की आशंका ज्यादा होती है। इसलिए बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। अब तक के अध्ययन से यह एक अहम बात सामने आई है कि संक्रमित बच्चे से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि बच्चे वयस्क की भांति एहतियात नहीं बरत पाते हैं। अगर बच्चों में खांसी, जुकाम और बुखार के लक्षण हैं तो अभिभावक उन्हें घर पर ही रख कर पूरी सतर्कता से देखभाल करें। ऐसे बच्चे को स्कूल भेजने पर उसके खांसने या छींकने से पूरी क्लास में संक्रमण फैलने का खतरा ज्यादा होता है।' मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण कोरोना वायरस के अधिक समय तक टिके रहने की आशंका के संबंध में उन्होंने कहा,' सामान्य तापमान में उमस होने से वायरस के पनपने का खतरा अधिक है। लेकिन उमस कम होने और तापमान बढ़ने पर गर्मी में इजाफा, इस वायरस के खात्मे की वजह बन सकता है। लेकिन इस तथ्य की पुष्टि अभी नहीं हुई है क्योंकि सिंगापुर उष्ण जलवायु वाला क्षेत्र है वहां की गर्म जलवायु में भी कोरोना का संकट गहरा चुका है। इसलिए यह कहना पूरी तरह से सही नहीं है कि गर्मी होने पर यह वायरस खत्म हो जाएगा। हां, यह सही है कि इसका वजूद बने रहने की संभावना जरूर कम हो जाएगी।' होली के त्यौहार के मद्देनजर उन्होंने लोगों को सलाह दी कि होली की भीड़ में अगर एक संक्रमित व्यक्ति भी मौजूद हुआ तो इसका संक्रमण वहां मौजूद सभी लोगों में हो सकता है। इसलिए समूह या भीड़ के बजाय अपने परिवार में ही त्यौहार मनाएं जिससे इस वायरस को नियंत्रित करने में मदद मिल सके। दिल्ली और देश भर में चिकित्सा संस्थानों में इस खतरे से निपटने संबंधी तैयारियों पर डा . गुलेरिया ने बताया, 'एम्स देश का सबसे अग्रणी संस्थान है। इसमें हमने सरकार के निर्देशों के मुताबिक सभी जरूरी इंतजाम पहले ही कर लिए हैं। मरीजों को अलग रखने के लिए आइसोलेशन केन्द्र बनाए गए हैं। सेंपल परीक्षण के लिए हमारी प्रयोगशालाएं सक्रिय हैं। सरकार की तरफ से भी जरूरत पड़ने पर अस्पतालों में अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। केंद्र और राज्यों के साथ सामंजस्य कायम कर नियमित बैठकों का सिलसिला जारी है। स्थिति पर निरंतर निगरानी रखते हुए लगातार समीक्षा की जा रही है । स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी प्रकार के हालात से निपटने के लिए पुख्ता कार्ययोजना तैयार है, लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि इस कार्ययोजना को जमीन पर उतारने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।



कोरोना विषाणु की वजह से श्रीनगर में मास्क लगाकर पहरेदारी करता सुरक्षाकर्मी।

### भ्रामक सूचना फैलाने पर मामला दर्ज

ईटानगर, 8 मार्च (भाषा)।

अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग जिले में कोरोना वायरस के संबंध में सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना पोस्ट करने के लिए एक व्यक्ति पर मामला दर्ज किया गया है।

### अरुणाचल प्रदेश ने विदेशियों का प्रवेश रोका

ईटानगर, 8 मार्च (भाषा)।

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए विदेशियों को जारी किए जाने वाले प्रोटेक्टेड एरिया परमिट (पीएपी) को अस्थाई तौर पर निलंबित करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि विदेशियों को राज्य में प्रवेश करने के लिए पीएपी की आवश्यकता होती है। अरुणाचल प्रदेश की सीमा चीन से लगती है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव नरेश कुमार ने पीएपी जारी करने वाले सभी अधिकारियों को अगले आदेश तक परमिट जारी करने की प्रक्रिया निलंबित करने का निर्देश दिया है। सरकारी आदेश में कहा गया है, 'ऐसा पता चला है कि भारत में कोविड-19 के पॉजीटिव मामले सामने आए हैं और यह संख्या बढ़ रही है। ऐसा भी मालूम चला है कि भारत में कोरोना वायरस मुख्यत: उन पर्यटकों से फैला है जो हाल फिलहाल में विदेश गए थे या उन पर्यटकों से फैला है जो भारत आए थे।' इसमें कहा गया है, 'अरुणाचल प्रदेश में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए प्रोटेक्टेड एरिया परमिट जारी करने की प्रक्रिया अस्थाई रूप से निलंबित करने का फैसला लिया गया है।'

## व्यवधान के चलते राज्यसभा पिछले हफ्ते करीब तीन घंटे ही बैठ पाई

नई दिल्ली, 8 मार्च (भाषा)।

बजट सत्र के दूसरे हिस्से के पहले सप्ताह में राज्यसभा तीन घंटे से भी कम समय के लिए बैठ पाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तरपूर्वी दिल्ली की सांप्रदायिक हिंसा पर चर्चा की विपक्ष की मांग के चलते उच्च सदन कोई खास कामकाज नहीं कर पाया। सदन अपने निर्धारित समय साढ़े 28 घंटे में से करीब 26 घंटे व्यवधान के चलते गंवा बैठा। सदन की कार्यवाही दिल्ली हिंसा पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे की भेंट चढ़ गई।

तीन सप्ताह के अवकाश के बाद सोमवार को वर्तमान बजट सत्र का दूसरा हिस्सा विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान की मांगों पर चर्चा के लिए बहाल हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पहले सप्ताह राज्यसभा महज दो घंटे 42 मिनट के लिए बैठ पाई जबकि उसका कुल निर्धारित समय साढ़े 28 घंटे था। सदन व्यवधान और बार-बार स्थगन की वजह से अपना 25 घंटे 48 मिनट गंवा बैठा। फलस्वरूप सदन की कार्य उत्पादकता महज 9.50 फीसद ही रही।

इसके अलावा, स्थाई समितियों की बैठकों में अनुदान की मांगों पर चर्चा के दौरान 50 फीसद सांसद अनुपस्थित रहे। सूत्रों के अनुसार तृणमूल कांग्रेस के 57 फीसद सांसदों, भाजपा के 36 फीसद सांसदों, कांग्रेस के 15 फीसद सांसदों और अन्य दलों के 50 फीसद सांसदों ने अनुदान की मांगों पर राज्यसभा की आठ समितियां की किसी की बैठक में हिस्सा नहीं लिया। ये बैठकें 12 फरवरी और एक मार्च के बीच हुईं। यही इस संसद सत्र का अवकाश का समय था। पिछले सप्ताह राज्यसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन ने कोरोना वायरस पर बयान दिया था और सभापति वेंकैया नायडू ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बयान दिया। उन्नीस सदस्यों ने अपनी बातें रखीं। शून्यकाल के दौरान छह मुद्दे उठाए गए और विशेष आकर्षण प्रस्ताव के तहत एक विशिष्ट मुद्दा उठाया गया। पिछले महीने बजट सत्र के प्रारंभ से पहले नेताओं की बैठक में नायडू ने इच्छा प्रकट की थी कि स्थाई समितियां 2020-21 के बजट पर विचार व उसे पारित किए जाने से काफी पहले ही अनुदान मांगों पर अपनी रिपोर्ट जमा कर दें। तद्नुसार राज्यसभा की समितियों ने समय से संसद में अपनी रिपोर्ट सौंप दी।

## विश्वविद्यालय 'मादक पदार्थों से परहेज' को लेकर छात्र निकाय बनाएं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देश के सभी विश्वविद्यालयों को 'मादक पदार्थों से परहेज' को लेकर छात्र निकाय गठित करने का निर्देश दिया और साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा है कि परिसरों में मादक पदार्थों की आपूर्ति न हो ।

आयोग ने कहा कि कई विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में नशेबाजी एक बड़ी चुनौती बन गई है और युवाओं के इसकी चपेट में आने के कई मामले सामने आए हैं।

आयोग के सचिव रजनीश जैन ने सभी कुलपतियों को लिखे पत्र में कहा कि संकाय सदस्यों के नेतृत्व में अपने विश्वविद्यालय या उच्च शिक्षण संस्थान में 'मादक पदार्थों से परहेज' छात्र निकाय बनाएं। मादक द्रव्यों के इस्तेमाल का कोई भी मामला सामने आने पर इस छात्र निकाय को शुरुआती चेतावनी प्रणाली के तौर पर काम करना चाहिए और आपूर्ति रोकने के लिए नियामक एजंसियों को सूचित करना चाहिए।

## आम लोगों की जेब ढीली कर रही है राजग सरकार : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

**बीमा** की प्रीमियम राशि को बढ़ने से रोके सरकार : अभिषेक मनु सिंघवी

कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि वाहनों से जुड़े बीमा और जीवन बीमा के प्रीमियम में वृद्धि का प्रस्ताव है व केंद्र की राजग सरकार घड़ियाली आंसू बहाकर आम लोगों की जेब ढीली करने में लगी है। पार्टी ने मांग की कि सरकार बीमा पर प्रीमियम राशि को बढ़ने से रोके, बैंकों में खाताधारकों की पूंजी की सुरक्षा करे व महंगाई पर नियंत्रण करे।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा-बीमा के संदर्भ में दो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय होने जा रहे हैं। दोपहिया वाहन और चार पहिया वाहनों पर थर्ड पार्टी बीमा की प्रीमियम राशि में बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। इसी तरह जीवन बीमा से जुड़ी फिक्स्ड टर्म पॉलिसी के प्रीमियम में भी 20-25 फीसदी की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इन दोनों मदों में वृद्धि से मध्यम वर्ग और इसके नीचे के लोगों पर बुरा असर पड़ेगा। सिंघवी ने कहा कि भरतीय जीवन बीमा निगम, जीवन बीमा का 70 फीसदी बाजार नियंत्रित करती है। इसमें भी विनिवेश करने का प्रस्ताव है। सरकार एक तरफ इसका निजीकरण करती है और दूसरी तरफ प्रीमियम में वृद्धि कर रही है। यह इस किस प्रकार का षडयंत्र है? उन्होंने कहा कि ईपीएफ पर ब्याज दर में कमी की गई है, गैस सिलेंडर की कीमत 144 रुपए बढ़ा दी गई लेकिन केरोसीन पर सब्सिडी कम कर दी गई है। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत बहुत ज्यादा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने थे तो डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत 58 थी जो अब 73 रुपए तक पहुंच गई।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि यह सरकार एक तरफ घड़ियाली आंसू बहाती है और दूसरी तरफ आम लोगों की जेब ढीली कर रही है। यह सरकार आर्थिक मोर्चे और सामाजिक मोर्चे दोनों पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि सरकार हस्तक्षेप करके बीमा के संदर्भ्र में प्रीमियम बढ़ोतरी को रोके। खाताधारकों के पैसे की सुरक्षा की जाए और महंगाई को नियंत्रित किया जाए।

## अगले साल से अनिवार्य होंगे निस्तारण वाले सेनिटरी पैड : जावडेकर

पुणे, 8 मार्च (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने रविवार को कहा कि केंद्र सेनिटरी नैपकिन बनाने वाली कंपनियों के लिए अगले साल जनवरी से ऐसे बैग मुहैया कराने को अनिवार्य बनाएगा जिन्हें जैविक रूप से नष्ट किया जा सके ।

वह पुणे में 'स्वच्छता सेवकों' के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री ने कहा- मैंने देखा है कि सेनिटरी पैड निर्माता बार-बार अपील के बावजूद अब भी जैविक रूप से नष्ट होने वाले बैग मुहैया नहीं करा रहे हैं। जनवरी 2021 से केंद्र सरकार ऐसे बैगों को अनिवार्य बनाएगी। उन्होंने बताया कि नगरपालिका वाले इलाकों में साफ-सफाई के नियम अब उन गांवों में भी लागू होंगे, जहां 3,000 से अधिक की आबादी है।

## राजस्थान में दो सड़क हादसों में सात की मौत

जोधपुर/जयपुर, 8 मार्च (भाषा)।

राजस्थान में रविवार को हुए दो सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य जख्मी हो गए।

जोधपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक राहुल बारहट ने कहा कि जोधपुर जिले के बिनावास गांव में अजमेर जा रही एक बस की टक्कर एक ट्रक से हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य जख्मी हो गए।

पुलिस अफसर ने बताया कि घटना जोधपुर-जयपुर राजमार्ग पर हुई। दुर्घटना स्थल पर एक पुल बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। दूसरा हादसा अजमेर-जयपुर राजमार्ग पर हुआ, जहां एक बस के पलट जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और तीन महिलाओं समेत 18 लोग घायल हो गए। आदर्श नगर थाने के थानेदार धर्मवीर सिह ने बताया कि बस अहमदाबाद से जयपुर जा रही थी। रास्ते में बस का चालक गाड़ी पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क डिवाइडर से टकराकर पलट गई। उन्होंने बताया मृतकों की पहचान जयपुर के योगेश, अमदाबाद के मगनभाई, और बस चालक कृष्णकांत दुबे के तौर पर हुई है। वह महाराष्ट्र का रहने वाला है। सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



अजमेर-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे के बाद बचाव कार्य करता दल।

## महाराष्ट्र पुलिस एसआरपीएफ की महिला बटालियन बनाएगी

नागपुर, 8 मार्च (भाषा)।

महाराष्ट्र सरकार ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के मकसद से नागपुर जिले में राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) की महिला बटालियन स्थापित करने का फैसला किया है।

एसआरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा से जुड़े मामलों से निपटने और उन्हें बेहतर सुरक्षा मुहैया कराने में बल की मदद करेगा। महाराष्ट्र के विशेष सशस्त्र बल के तौर पर छह मार्च,1948 को स्थापित एसआरपीएफ में पुरुषों का वर्चस्व है और इसकी अब तक एक भी ऐसी बटालियन नहीं है जिसमें सिर्फ महिलाएं हों। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एस जगन्नाथन के मुताबिक राज्य सरकार ने नागपुर के कातोल में महिलाओं की बटालियन स्थापित करने का निर्देश दिया है।

## मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल का जल्द होगा विस्तार

भोपाल, 8 मार्च (भाषा)।

मुख्य विपक्षी दल भाजपा द्वारा कथित रूप से सरकार को अस्थिर करने के आरोपों के बाद प्रदेश में चल रही सियासी नाटक के बीच मध्यप्रदेश की कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस नीत सरकार जल्द ही कैबिनेट का विस्तार करेगी। यह जानकारी कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को दी है।

कांग्रेस ने हाल ही में आरोप लगाया था कि भाजपा ने प्रदेश की कमलनाथ सरकार को गिराने के लिए 10 विधायकों का अपहरण कर लिया है। इन अपहृत विधायकों में कांग्रेस, बसपा, सपा व निर्दलीय विधायक शामिल हैं। हालांकि, भाजपा ने इस आरोप को खारिज कर दिया और दावा किया कि 26 मार्च को मध्यप्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव के मद्देनजर यह कांग्रेस के विभिन्न गुटों के बीच चल रही अंदरूनी लड़ाई का नतीजा है।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'हम जल्द ही मध्यप्रदेश कैबिनेट का विस्तार करने जा रहे हैं। अब हमारी सरकार को कोई खतरा नहीं है, क्योंकि भाजपा का विधायकों को खरीद-फरोख्त करने का आपरेशन असफल हो गया है।' वहीं, एक राजनीतिक विशेषज्ञ ने बताया कि राज्य सरकार के लिए कैबिनेट विस्तार करना अत्यंत कठिन काम हो गया है, क्योंकि इसमें उसे कांग्रेस के विभिन्न गुटों के विधायकों के साथ-साथ इस गठबंधन में शामिल बसपा, सपा व निर्दलीय विधायकों को शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनी थी। तब कमलनाथ ने मुख्यमंत्री पद की शपथ अकेले ही ली थी और उन्हें अपने कैबिनेट विस्तार करने में उस वक्त पार्टी के वरिष्ठ नेताओं दिग्विजय सिह, कमलनाथ व ज्योतिरादित्य सिंधिया के ग्रुपों में हो रही अंदरूनी लड़ाई के चलते काफी लंबा समय लगा था।

## कुछ महिलाओं ने शानदार बताया तो कुछ ने मुद्दों से ध्यान भटकाने वाला

नई दिल्ली, 8 मार्च (भाषा)।

***प्रधानमंत्री*** का अपने सोशल मीडिया खाते महिलाओं को सौंपने का फैसला

कुछ महिला कार्यकर्ताओं ने असल जिंदगी में प्रेरणा देने वाली महिलाओं का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स उन्हें सौंपने के फैसले को 'शानदार पहल' बताया जबकि अन्य ने इसे देश के सामने पेश आ रहे मुद्दों से ध्यान भटकाने वाला कदम बताया।

महिला दिवस के मौके पर मोदी ने कहा कि जिंदगी में खास मुकाम हासिल करने वाली सात महिलाएं रविवार को उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स से अपने जीवन के सफर को साझा करेंगी। ग्रुप ऑफ इंटेलेक्चुअल्स एंड एकेडमिशियंस की राष्ट्रीय संयोजक मोनिका अरोड़ा ने इस कदम को 'असल जिंदगी में प्रेरणा देनी वाली महिलाओं' को सम्मान करने वाला बताया जो जमीन पर 'मानवता की सेवा' कर रही हैं।

उन्होंने कहा, 'महिलाओं का चयन शानदार है। सोशल मीडिया पर ऐसी लड़की को चुना गया जिसके महज 2000 फॉलोअर्स हैं लेकिन वह पांच साल से अधिक समय से फूड बैंक चला रही है और हजारों लोगों को खाना खिला रही है। इसलिए प्रधानमंत्री असल जिंदगी में प्रेरणा देने वाली महिलाओं को सम्मानित कर रहे है न कि केवल फिल्म पर्दे पर प्रेरणा देने वाली महिलाओं को।' उन्होंने कहा कि इन महिलाओं ने असल जिंदगी में कुछ कर दिखाया और जमीन पर मानवता की सेवा की।

अरोड़ा ने कहा, 'एक अन्य महिला बम विस्फोट पीड़िता है। वह वाकई में प्रेरित करने वाली हैं। वह दुनिया को बदलने वाली शख्स हैं। यह दिखाता है कि आप अपनी पूरी क्षमता से दुनिया को बदल रहे हैं जिससे जाति या धर्म या लिंग की परवाह किए बिना सभी महिलाएं सशक्त होती हैं।' एनजीओ भारतीय श्रीशक्ति की सदस्य शिल्पा पुराणिक ने कहा कि सोशल मीडिया अलग-अलग तरह के लोगों को एक साथ लाता है जो इसे जागरूकता फैलाने के लिए अच्छा मंच बनाता है और प्रधानमंत्री ने प्रेरणादायक महिलाओं को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स सौंपकर ऐसा ही किया। उन्होंने कहा, 'मैं उनके फैसले की सराहना करती हूं क्योंकि महिला सशक्तिकरण के बारे में सोशल मीडिया पर जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है।' हालांकि, कुछ कार्यकर्ताओं ने इसे 'ध्यान आकर्षित' करने वाला कदम बताया जिससे वह देश के समक्ष पेश आ रहे मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। भाकपा नेता एनी राजा ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वाकई में महिला सशक्तिकरण को लेकर चिंतित हैं तो उन्हें यौन शोषण के बढ़ते मामलों के खिलाफ कदम उठाना चाहिए।

## खबर कोना

### बेटी से बलात्कार और हत्या का आरोपी अदालत से बरी

ठाणे, 8 मार्च (भाषा)।

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक व्यक्ति द्वारा अपनी बेटी का बलात्कार कर उसकी हत्या करने के आरोपी को एक अदालत ने बरी कर दिया। उक्त व्यक्ति की बेटी अक्तूबर 2013 में अपने प्रेमी के साथ भाग गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार व्यक्ति और उसके दोस्त ने लड़की और उसके प्रेमी को यहां काशीमीरा क्षेत्र से पकड़ा और संजय गांधी राष्ट्रीय पार्क में ले गए जहां आरोपियों ने लड़की के साथ बलात्कार किया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। अभियोजन पक्ष ने कहा कि दोनों आरोपियों ने इसके बाद शव को झाड़ियों में छिपा दिया। न्यायाधीश पीपी जाधव ने शुक्रवार को दिए आदेश में आरोपियों को भारतीय दंड संहिता और पाक्सो कानून के तहत बरी कर दिया। बचाव पक्ष के वकील रामराव जगताप ने कहा कि अदालत ने दोनों आरोपियों को संदेह के लाभ के आधार पर छोड़ दिया क्योंकि अभियोजन पक्ष मुकदमे से संबंधित कई बिंदुओं को साबित नहीं कर पाया।

### सीआरपीएफ जवान ने खुदकुशी की

हैदराबाद, 8 मार्च (भाषा)।

तेलंगाना के हैदराबाद में सीआरपीएफ के एक जवान ने रविवार तड़के अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि वह महाराष्ट्र के नागपुर के रहने वाले थे और यहां संतरी की ड्यूटी पर थे। पुलिस के मुताबिक करीब 40 साल के बबन विट्ठल राव मनवार ने अपनी सर्विस एसएलआर राइफल से खुद को गोली मार ली। वह सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल पर संतरी ड्यूटी पर तैनात थे। पुलिस ने बताया कि सीआरपीएफ के अधिकारियों की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है। मनवार के आत्महत्या जैसा कदम उठाने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### बड़ी उपलब्धियों के लिए महिलाओं का मनोबल बढ़ाने की जरूरत : सावंत

पणजी, 8 मार्च (भाषा)।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और समाज की बेहतरी के लिए उनके प्रयासों व उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने ट्वीट किया कि भविष्य में और बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए महिलाओं का मनोबल बढ़ाया जाना चाहिए। सावंत ने कहा, 'महिला दिवस समाज और हमारे जीवन की महिलाओं के प्रति सम्मान, सराहना, प्रेम और परवाह का जश्न है। आइए, इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हमारे समाज की महिलाओं के प्रयासों व उपलब्धियों की सराहना करें और उन्हें भविष्य में और बड़ी उपलब्धियों के लिए प्रेरित करें।' प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सदानंद तनावड़े ने भी महिलाओं को बधाई दी और कहा कि लैंगिक समानता अर्थव्यवस्थाओं व समुदायों के विकास के लिए जरूरी है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने अपने संदेश में कहा कि हर किसी को दुनिया को स्त्री-पुरुष के लिए समान बनाने की कोशिश करनी चाहिए। राज्य के अपशिष्ट प्रबंधन मंत्री माइकल लोबो ने सभी पुरुषों से महिलाओं के प्रति सम्मान दिखाने की अपील की।

### महिलाओं के सम्मान के नाम पर की जा रही तमाशेबाजी बंद करे सरकार : इल्तिजा

श्रीनगर, 8 मार्च (भाषा)।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के नाम पर की जा रही तमाशेबाजी को बंद करे। उन्होंने कहा कि महिलाएं ही हैं जिनसे सरकार सबसे ज्यादा डरती है। इल्तिजा पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद हिरासत में ली गईं अपनी मां का ट्विटर अकाउंट चला रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जम्मू-कश्मीर की पहली महिला मुख्यमंत्री को अवैध तरीके से कैद कर रखा है। उन्होंने कहा, महिलाओं के नाम पर की जा रही तमाशेबाजी बंद कीजिए। भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर की पहली महिला मुख्यमंत्री को अवैध तरीके से कैद कर रखा है। बहादुर महिला पत्रकारों को बलात्कार और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। सरकार शाहीन बाग में बैठीं दादियों से डरी हुई है। नारी शक्ति की बातें करने वाले असल में महिलाओं से ही सबसे अधिक डरे हुए हैं। इल्तिजा ने यह टिप्पणी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट महिलाओं को सौंपने के प्रधानमंत्री के एलान के बाद की है।

www.readwhere.com

# संकट और सवाल

येस बैंक डूबने की घटना ने भारत की बैंकिंग प्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। जिस तरह से यह बैंक ध्वस्त हुआ, उससे साफ है कि इस पर कोई निगरानी नहीं थी। अगर हो रही थी, तो वह दिखावे से ज्यादा की कार्रवाई नहीं रही होगी। बैंक का शीर्ष प्रबंधन ऐसे फैसला करता गया, जिनका नतीजा आज सबके सामने है। बैंकों से जुड़े हर मामले की जांच और उन पर निगरानी की जिम्मेदारी बैंकिंग नियामक यानी भारतीय रिजर्व की है। हर बैंक का समय-समय पर ऑडिट होता है। इसके अलावा भारतीय रिजर्व का अपना ऑडिट विभाग है जो बैंकों का ऑडिट करता है। फिर भी येस बैंक पिछले दो साल में बर्बादी की कगार पर चला गया! इसलिए अब सवाल उठ रहा है कि जो कदम आज उठाए जा रहे हैं, वे पहले ही क्यों नहीं उठा लिए गए? येस बैंक के बारे में जो जानकारियां अब बाहर आ रही हैं, वे चौंकाने वाली हैं। बैंक के संस्थापक राणा कपूर जिस तरह अपने परिचितों को कर्ज लुटाते रहे, उसका खामियाजा आज बैंक खाताधारकों को उठाना पड़ रहा है।

पंजाब नेशनल बैंक में जब साढ़े तेरह हजार करोड़ रुपए के घोटाले का पर्दाफाश हुआ था, उस वक्त भी बैंकिंग नियामक की भूमिका को लेकर सवाल उठे थे। बाद में यह सामने आया कि जिस शाखा से नीरव मोदी का लेनदेन चलता था, उसका लंबे समय तक ऑडिट ही नहीं हुआ था। अगर समय-समय पर जांच होती रहती, तो नीरव मोदी बैंक को ऐसी भारी चपत नहीं लगा पाता। लेकिन इन दो सालों में भी बैंकों के निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में कोई काम नहीं हुआ। हालांकि येस बैंक को लेकर गड़बड़ियों की भनक रिजर्व बैंक को पहले से थी। पहली बार 2017 में केंद्रीय बैंक ने डूबते कर्ज को लेकर येस बैंक को चेताया था और जांच के बाद बैंक के तत्कालीन प्रमुख राणा कपूर को सेवा विस्तार देने से इनकार कर दिया था। उस वक्त बैंक को बचाने के लिए अगर कुछ सख्त कदम और उठा लिए होते तो आज येस बैंक की शाखाओं और एटीएम के बाहर भीड़ को धक्के खाने को मजबूर नहीं होना पड़ता।

डूबता कर्ज सरकार, बैंकों और रिजर्व बैंक तीनों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। येस बैंक का 2014 में कर्ज का आंकड़ा पचपन हजार करोड़ रुपए था जो अगले साल यानी 2015 में पचहत्तर हजार करोड़, 2016 में अनठानवे हजार करोड़ , 2017 में एक लाख बत्तीस हजार करोड़, 2018 में दो लाख तीन हजार करोड़ और 2019 दो लाख इकतालीस हजार करोड़ तक जा पहुंचा। सवाल है कैसे बैंक इतना कर्ज देता गया? अब पता चल रहा है कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) को जो कर्ज दिया गया, उसका हिस्सा बतौर कर्ज के रूप में यह कंपनी राणा कपूर की बेटियों को देती रही। अभी इस घोटाले की परतें खुलनी बाकी हैं। येस बैंक ने आइएलएंडएफएस, अनिल अंबानी समूह, सीजी पॉवर, कॉक्स एंड किंग, कैफे कॉफी डे जैसी कंपनियों को कर्ज दे रखा है, जिनसे वसूली आसान नहीं है। बैंकिंग क्षेत्र को बचाने के लिए आज सबसे बड़ी जरूरत बैंकिंग नियामक को मजबूत, जिम्मेदार और जवाबदेह बनाने की है। कर्ज देने के नियमों की पालना सख्ती से हो, किसी के दबाव में आकर कर्ज न बांटे जाएं और बैंकों का नियमित ऑडिट सुनिश्चित हो। यह नहीं भूलना चाहिए कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों के घोटालों में डूबा पैसा जनता का ही है।

# अनुशासन और नकेल

सरकारी अधिकारियों को अनुशासित करने और अदालती कार्यवाही को सुगम बनाने के इरादे से केंद्र ने फैसला किया है कि अगर किसी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज हो गया है या ऐसे किसी मामले में अदालत ने उसके खिलाफ संज्ञान लिया है, तो वह पासपोर्ट हासिल नहीं कर सकेगा। इस संबंध में कार्मिक मंत्रालय, केंद्रीय सतर्कता आयोग और विदेश विभाग ने परस्पर समीक्षा करने के बाद आदेश जारी कर दिया है। केंद्र सरकार भ्रष्टाचार को लेकर शुरू से काफी सख्त है। इसके लिए अधिकारियों पर नकेल कसने के मकसद से कई कड़े कानून बनाए गए हैं और सतर्कता अयोग तथा संबंधित महकमों को कड़ी नजर रखने का निर्देश है। इसके बावजूद कई बार देखा जाता है कि कोई कानूनी पेच निकाल कर या फिर अदालती कार्यवाही से बचने के लिए कई अधिकारी विदेश भाग जाते हैं। इस तरह मुकदमों की सुनवाई के समय हाजिर नहीं होते। स्वाभाविक ही इससे संबंधित मामलों की सुनवाई और फिर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई में अड़चन आती है। जबकि कई संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्यवाही की जरूरत होती है। अब सरकार के ताजा फैसले से वे ऐसा नहीं कर पाएंगे।

भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए सरकारी बाबुओं को जवाबदेह बनाना बड़ी चुनौती है। छिपी बात नहीं है कि अनेक सरकारी अधिकारियों के अनियमितताओं में लिप्त होने की वजह से विकास परियोजनाएं बाधित होती हैं, निवेश पर बुरा असर पड़ता है, आम नागरिकों के मामूली काम भी बाधित होते हैं। हालांकि वर्तमान सरकार ने अनेक कामों में अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने या अधिकारियों की जांच, मंजूरी आदि को ऑनलाइन कर दिया है। इस तरह लोगों को विभिन्न खिड़कियों पर जाकर नाहक अपना समय गंवाने और बाबुओं की रिश्वतखोरी से काफी राहत मिली है। सरकारी योजनाओं में भुगतान आदि को भी ऑनलाइन कर दिए जाने से पारदर्शिता आई है। पैसे लेकर काम करने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी काफी आसान कर दी गई है, ऐसी शिकायतों पर सुनवाई भी तेजी से होने लगी है। फिर भी जिन बाबुओं को रिश्वतखोरी की लत पड़ गई है, वे इसके लिए कोई न कोई रास्ता निकाल ही लेते हैं। लिहाजा, अब पासपोर्ट जब्त होने या विदेश जाने की इजाजत न मिल पाने से शायद ऐसे लोगों के मन में कुछ भय पैदा हो।

हालांकि यह भी छिपी बात नहीं है कि नौकरशाही पर सत्तातंत्र के पक्ष में काम करने का दबाव रहता है। कई सरकारी अफसर सत्तापक्ष से निकटता बना कर अपने लिए सुरक्षा कवच तैयार कर लेते हैं। बाबुओं की तैनाती, तबादले आदि में इसका प्रभाव खूब देखा जाता है। सत्तापक्ष प्रायः अपने चहेते अधिकारियों को ही महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपता है। इस तरह भी उनमें भ्रष्ट आचरण की संभावना रहती है। इसलिए प्रशासनिक सुधार की दिशा में कठोर कदम उठाने की जरूरत बार-बार रेखांकित की जाती रही है। मगर तमाम सुझावों के बावजूद इस पर कोई पहल नहीं हो पाई है। इसलिए केंद्र सरकार अगर जिम्मेदार अधिकारियों के मामले में कुछ सख्ती बरत कर उन्हें जवाबदेह बनाने का प्रयास कर भी ले, तो राज्य सरकारों से ऐसे कदम की अपेक्षा संदेह के घेरे में बनी रहेगी। राज्यों के बड़े पदों पर केंद्रीय सेवाओं के ही अधिकारी तैनात होते हैं, पर कई बार देखा गया है कि जब उन पर भ्रष्टाचार से संबंधित मामले चलाने की कोशिश की जाती है, तो संबंधित राज्य सरकारें उनके सामने कवच बन कर खड़ी हो जाती हैं। पासपोर्ट जब्त होने से उन पर कितना असर होगा, देखने की बात है।

## कल्पमेधा

**सामाजिक संपन्नता का अर्थ है कि मनुष्य सुखी हो, नागरिक स्वतंत्र हो और राष्ट्र महान हो।**

**– विक्टर ह्यूगो**

# आसान नहीं है मंदिर का रास्ता

शीतला सिंह

**अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण यथा संभव शीघ्रता से शुरू भी कर दिया जाए, तो उसे तेजी से पूर्णता की ओर ले जाना संभव नहीं होगा। कारण यह कि अभी उसकी दो मंजिलों के लिए पत्थरों की कटाई और तराशी का काम ही हो पाया है, जबकि अब संशोधित मॉडल के अनुसार वह तीन मंजिला बनेगा। तीसरी मंजिल के लिए पत्थरों की तराशी या अन्य निर्माण सामग्रियां जुटाने में भी समय लगना स्वाभाविक है।**

अयोध्या का राम मंदिर आंदोलन भले 1949 में कांग्रेस की आंतरिक और स्थानीय नीतियों का परिणाम रहा हो, लेकिन 1983 में इसमें विश्व हिंदू परिषद का समावेश हो गया था, जिसका उद्देश्य मंदिर निर्माण कम और उसके लिए आंदोलन का राजनीतिक लाभ उठाना ज्यादा था। लेकिन चूंकि तब उसके पास सत्ता या निर्णायक क्षमता नहीं थी, इसलिए उसके एक वर्ग ने, जिसमें महंत अवैद्यनाथ और देवकीनंदन अग्रवाल प्रमुख थे, दिसंबर,1986 में अयोध्या में हुई बैठक में मुसलमानों के उस दृष्टिकोण को नए उत्साह के साथ स्वीकार किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि यह मंदिर और मस्जिद का विवाद नहीं, बल्कि मुसलमानों को समाज की मुख्यधारा से विलग करने का प्रयास है। इसलिए बाबरी मस्जिद को ग्यारह फीट ऊंची दीवारों से घेर कर वहां से मंदिर निर्माण आरंभ हो जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दोनों मुखपत्रों 'ऑर्गनाइजर' और 'पांचजन्य' ने इस सहमति को राम की विजय के रूप में देखा और प्रकाशित किया था।

सर्वोच्च न्यायालय ने जब एक पूर्व न्यायाधीश, एक प्रमुख पंच और श्री श्री रविशंकर की तीन सदस्यीय मध्यस्थता समिति बनाई थी, तब भी मुसलमानों का एक वर्ग शीर्ष अदालत के इन प्रयासों का कट्टर समर्थक था, जबकि विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधियों का कहना था कि हमें सुलह-समझौते के आधार पर नहीं, बल्कि शौर्य के आधार पर मंदिर चाहिए, क्योंकि समझौते का अर्थ तो यह होगा कि हम पीछे की ओर जा रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के पांच सदस्यों वाले पीठ ने अपने अंतिम फैसले में विवादित स्थल में मूर्ति रखने को गैरकानूनी करार देकर 1992 में मस्जिद गिराने को राष्ट्रीय शर्म और आपराधिक कार्य बताया और उसके अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने को कहा है। उसके अनुसार कोई पक्ष विवादित भूमि के स्वामित्व का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाया है, लेकिन चूंकि पांच सौ वर्षों से लोगों को विश्वास है कि राम का जन्म वहीं हुआ था, इसलिए आस्था के आधार पर उसने रामलला विराजमान, जिनका मुकदमा जस्टिस देवकीनंदन अग्रवाल ने एक जुलाई, 1989 को दायर किया था, के पक्ष में फैसला दे दिया। यह भी माना कि विवादित स्थल पर उत्खनन में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला है कि बाबर ने वहां स्थित मंदिर को गिरा कर सन् 1558 में मस्जिद बनाई थी। फैसले के बाद राम मंदिर का निर्माण शीघ्रता से शुरू होने और उसके कम से कम अवधि में बन जाने की बात कही जा रही थी। लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा है तो इसके पीछे के कारण समझने की जरूरत है।



केंद्र की पीवी नरसिंह राव सरकार ने 1993 में इस मामले के समाधान के लिए अयोध्या विशेष क्षेत्र अधिग्रहण कानून बनाया था, जिसमें अधिग्रहीत भूमि पर मंदिर-मस्जिद दोनों बनाने की व्यवस्था थी। यह कानून अभी भी अस्तित्व में है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने विवाद का फैसला करते हुए सरकार को निर्देश दिया था कि वह मंदिर निर्माण के लिए एक नए ट्रस्ट का गठन करे, जिसमें निर्मोही अखाड़े का भी एक सदस्य प्रमुख रूप से हो। इसके अनुपालन में सरकार ने ट्रस्ट के नौ सदस्यों का मनोनयन किया, जिनमें दो को छोड़ कर सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता हैं। उसके चार पदेन सदस्य सरकारी अधिकारी हैं और उन्हें मताधिकार भी नहीं है, जबकि ट्रस्टियों द्वारा दो नए सदस्यों का चयन किया गया है। ये दोनों चंपत राय और नृत्यगोपाल दास विश्व हिंदू परिषद के तो हैं ही, बाबरी मस्जिद विध्वंस के अभियुक्त भी हैं। चूंकि नृत्यगोपाल दास पहले विहिप प्रायोजित ट्रस्ट के अध्यक्ष थे, इसलिए उन्हें ही नए ट्रस्ट का अध्यक्ष बनाया गया है।

इतना सब हो जाने के बाद भी मंदिर निर्माण शुरू करने का प्रश्न अभी तक लटका हुआ है। अभी तक इसके लिए तिथि की घोषणा नहीं की जा सकी है। इससे लगता है कि सर्वथा शुद्ध और पवित्र तिथि की खोज अभी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। प्रधानमंत्री के सेवानिवृत्त मुख्य सचिव नृपेंद्र मिश्र को ट्रस्ट द्वारा बनाई गई भवन (मंदिर) निर्माण समिति का अध्यक्ष बनाया गया है, लेकिन वे भी निर्माण शुरू करने की कोई स्पष्ट तिथि घोषित नहीं कर सके हैं।

यह नहीं कहा जा सकता कि राम मंदिर निर्माण की आकांक्षा केवल ट्रस्टियों को ही है, क्योंकि उसके लिए आंदोलन चलाने और मुकदमा लड़ने वाले तो निर्मोही अखाड़ा और हिंदू महासभा के नेता भी थे। बाद में उनके एक कार्यकर्ता, जो विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष भी बने, परमहंस रामचंद्र दास ने अपना मुकदमा यह कहते हुए वापस ले लिया था कि वे फैसले में हो रहे विलंब से उत्पन्न हुए क्षोभ का शमन नहीं कर पा रहे। यह भी नहीं माना जा सकता कि राम मंदिर के समर्थक मुख्य रूप से रामानंद संप्रदाय के लोग ही हैं। विश्व हिंदू परिषद द्वारा बनाए गए पहले ट्रस्ट में रामानंद संप्रदाय के मुखिया को ही अध्यक्ष बनाया गया था। इन रामानंद की बात करें तो उनके बारह शिष्य विभिन्न धर्मों और समुदायों के थे और वे राम को किसी समुदाय या संप्रदाय तक सीमित नहीं मानते थे।

यहां समझने की एक बात यह भी है कि विश्व हिंदू परिषद 1983 के बाद राम मंदिर आंदोलन में शामिल हुई। इसके बाद उसने उसका केंद्रीय दायित्व भी संभाला। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को राम मंदिर आंदोलन का मुख्य सूत्रधार, रचयिता या समर्थक नहीं माना जा सकता। सच्ची बात तो यह है कि उसने इस प्रकार का कोई आंदोलन अपने जन्म से अब तक किया ही नहीं है। विश्व हिंदू परिषद के ताजा दृष्टिकोण के अनुसार राम मंदिर ट्रस्ट के पंद्रह सदस्यों में सरकारी अधिकारियों को छोड़ कर विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र और निर्मोही अखाड़ा के दिनेंद्र दास तक सब उसके ही हैं। ऐसा हो भी तो ट्रस्ट में जिस तरह एक ही जाति के लोगों का वर्चस्व है, वह 'राम तो सबके हैं' और राम मंदिर की व्यापकता की भावना के अनुकूल नहीं ठहरता। राम और उनकी कथाओं का प्रत्यय कितना व्यापक है, इसे इस तथ्य से समझ सकते हैं कि राम कथा दुनिया के तिरसठ देशों में विद्यमान है और ये सभी देश हिंदू बहुल नहीं, बल्कि विभिन्न धर्मों और संप्रदायों के हैं। उन सबकी राम कथाओं में भाषा की भिन्नता तो है ही, कथाओं में भी है, लेकिन यह बात उन सभी के राम को अपना मान कर स्वीकारने में बाधक नहीं बनती।

दूसरे पहलू पर जाएं तो अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण यथा संभव शीघ्रता से शुरू भी कर दिया जाए, तो उसे तेजी से पूर्णता की ओर ले जाना संभव नहीं होगा। कारण यह कि अभी उसकी दो मंजिलों के लिए पत्थरों की कटाई और तराशी का काम ही हो पाया है, जबकि अब संशोधित मॉडल के अनुसार वह तीन मंजिला बनेगा। तीसरी मंजिल के लिए पत्थरों की तराशी या अन्य निर्माण सामग्रियां जुटाने में भी समय लगना स्वाभाविक है। निर्माण और विध्वंस में अंतर होता है। निर्माण में समय लगता है और उसे विध्वंस की तरह तुरत-फुरत नहीं निपटाया जा सकता। मंदिर निर्माण में लौह सामग्री का प्रयोग न करने की घोषणा की गई है और अब इसका दायित्व एक कंपनी के सुपुर्द किया जा रहा है, जो व्यक्तियों के श्रम के बजाय मशीनों से उसके निर्माण को स्वरूप प्रदान करेगी। चूंकि इस निर्माण को राजनीतिक लाभ के संदर्भ से भी देखा जा रहा है, इसलिए अप्रैल के पहले तो पवित्र स्थल की पूजा ही संभव नहीं है। जब तक यह रामभक्ति राजनीतिक लाभ से जुड़ी रहेंगी, उसे लेकर पूर्ण सहमति का प्रश्न ही नहीं है और विरोध के नए-नए स्वर समय-समय पर उठते रहेंगे।

# वास्तविक नायिका

## दुनिया मेरे आगे

अनीता मिश्रा

जब लगता है कि हम बहुत आधुनिक हो गए हैं, समाज के तमाम बंधन टूट चुके हैं, तभी कोई ऐसी घटना घटती है जो यह भ्रम तोड़ देती है। यह घटना हमें अहसास कराती है कि हम एक ऐसे देश में रह रहे हैं, जहां कई शताब्दियां एक साथ चल रही हैं। एक तरफ इक्कीसवीं शताब्दी का आधुनिक जीवन है, दूसरी ओर प्राचीन काल का सामंती भेदभाव वाला समाज भी मौजूद है। पिछले दिनों एक ऐसी ही घटना घटी, जिससे इस समाज का हिस्सा होने के नाते मुझे शर्मिंदगी महसूस हुई। मेरी घरेलू सहायिका सुबह से रात तक बहुत मेहनत करती हैं। वे खुद घरेलू हिंसा का शिकार रही हैं। उनके मुताबिक अब उनकी जिंदगी का एक ही मकसद है, अपनी बेटी को अंग्रेजी माध्यम के अच्छे स्कूल में पढ़ाना, जिससे उनकी बेटी अपने पैरों पर खड़ी हो जाए और उसकी तरह कभी हिंसा का शिकार न बने। वे अपने इस मकसद में कामयाब भी हुईं हैं और किसी तरह पैसे जोड़ कर अपनी बेटी को एक अच्छे स्कूल में पढ़ा रही हैं, जिसमें मध्यवर्गीय आय वाले संभ्रांत कहे जाने वाले घरों के बच्चे भी पढ़ते हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने बताया कि स्कूल में एक दिन दोपहर के भोजन के समय जब मेरी बच्ची ने अपना खाना कुछ सहपाठियों के साथ साझा करने की बात कही तो उसे सुनना पड़ा कि तुम्हारी मां बर्तन मांजती है, झाडू-पोंछा करती है... हम तुम्हारे टिफिन से खाना नहीं खा सकते हैं। यह सुन कर बच्ची रोने लगी।

यह महज कोई एक वाकया नहीं है। ऐसी खबरें अक्सर आती रहती हैं, जिसमें किसी स्कूल में बच्चों ने महज जाति के सवाल पर 'मिड-डे मील' यानी दोपहर का भोजन करने से इनकार कर दिया। सवाल है कि छोटे बच्चों के मन में इस तरह की छुआछूत और भेदभाव वाली भावना कहां से आती होगी। जाहिर है, ये सब बातें उन्होंने अपने घर में सुनी होगी। अपने घरों से ही उन्हें ये 'संस्कार' मिले होंगे। अभी तक हमारे समाज के शिक्षित तबके में भी काफी लोगों में इस तरह की भावनाएं मौजूद हैं। यह सब बच्चे देखते हैं और उनके मन में भी इस तरह का वर्गीकरण पैदा हो जाता है। अगर घरों में बच्चों को बचपन से यह सब सुनने को न मिले तो उनके मन में कभी ऐसा भाव न आए कि जो व्यक्ति बर्तन मांजता है या साफ-सफाई करता है, वह किसी मामले में हमसे कमतर है। कोई इंसान कमतर नहीं होता है, इस तरह की शिक्षा बचपन से ही दी जानी चाहिए।

यह कमी समाज के साथ ही हमारी शिक्षा व्यवस्था की भी है। उसमें लोगों को इस तरह जागरूक नहीं बनाया जाता कि वे पढ़-लिख कर इस तरह की निम्न दर्जे की मानसिकता से मुक्त हो सकें। इस सिलसिले में पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले याद आती हैं, जिन्हें अपने दौर में लड़कियों की शिक्षा की शुरुआत के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले और फातिमा शेख के साथ मिल कर लड़कियों को पढ़ाने के साथ ही समाज में छुआछूत, जातिगत भेदभाव जैसी तमाम सामाजिक बुराइयों के खिलाफ काम किया। गौरतलब है कि सावित्रीबाई फुले का नौ साल की उम्र में बाल विवाह हो गया था। पढ़ाई के लिए उनके मन में इतना उत्साह था कि तमाम बाधाओं के बावजूद उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी। उन्होंने लड़कियों के लिए पहला स्कूल भी खोला था। उनके इस उद्देश्य में कई तरह की बाधाएं डाली गईं। समाज के कथित उच्च कहे जाने वाले लोगों ने उनका स्कूल जाना मुश्किल कर दिया था। रास्ते में उन पर गोबर, मिट्टी फेंका जाता था। सावित्रीबाई अपने थैले में एक साड़ी अतिरिक्त लेकर चलती थीं। स्कूल जाकर खुद को साफ करके, कपड़े बदलतीं, तब पढ़ाने कक्षा में जाती थीं। इन सब बाधाओं ने उनके दृढ़ निश्चय को विचलित नहीं किया। उनके सामने मकसद साफ था कि लड़कियां पढ़-लिख लेंगी, तब दूसरे मुद्दों पर जागरूक होने के रास्ते खुद ही तैयार होंगे। शिक्षित लड़की अपने पैरों पर खड़ी होंगी तो समाज में बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी समस्याएं भी नहीं रहेंगी, न उसे विधवा या अन्य रूप में उपेक्षित जीवन जीना पड़ेगा। सावित्रीबाई फुले ने भविष्य की पीढ़ियों की लड़कियों को उस संघर्ष और पीड़ा से बचाने के लिए सब कुछ किया, जो उन्हें खुद झेलना पड़ा था।

लेकिन आज भी जब ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें जातिगत दुराग्रहों की वजह से किसी को अपमानित किया जाता है तो ऐसी पिछड़ी मानसिकता पर अफसोस होता है। मेरी एक दोस्त है, जो अक्सर इस पीड़ा का बयान करती है। इस सबने उसे इतना उद्वेलित किया कि जितना संभव हो पा रहा है, वह अलग-अलग जगहों पर सावित्रीबाई फुले के नाम पर पुस्तकालय की शुरुआत करा रही है। मेरा मानना है कि स्त्री के वास्तविक सशक्तिकरण का रास्ता शिक्षा ही है और इसकी प्रतीक सावित्रीबाई फुले हैं। विडंबना यह है कि भारत में मुख्यधारा कहे जाने वाले स्त्रीवाद के विचार और संघर्षों से सावित्रीबाई फुले का नाम अनुपस्थित रहा है। जबकि देशकाल के संदर्भ किसी समाज के सशक्तिकरण में सबसे उपयोगी और सहायक सिद्ध होते हैं।

## अब येस बैंक

अब येस बैंक के डूबने की खबर से संपूर्ण भारत में कमोबेश वही भयावह स्थिति बन गयी है जो छह महीने पूर्व पीएमसी बैंक के डूब जाने से कुछ राज्यों में देखने को मिली थी। जब पीएमसी बैंक डूबा था, तो बड़ी संख्या में लोग गंबीर संकट में फंस गए थे और पैसा नहीं मिलने के सदमे में कुछ लोगों की मौत भी हो गई थी। मरने वालों में एक बुजुर्ग भी थे जिनके इस बैंक में ग्यारह लाख रुपए जमा थे, लेकिन वे अपने इलाज के लिए पैसा नहीं निकाल पाए और अवसाद में दम तोड़ दिया। ऐसे में यह सवाल उठता है कि जब जरूरत पड़ने पर आदमी अपना पैसा निकाल नहीं पाए तो उसके होने का फायदा क्या है?

अब देश के चौथे सबसे बड़े निजी बैंक यानी येस बैंक की हालत सबके सामने है। देशभर में इसकी ग्यारह सौ से ज्यादा शाखाएं हैं। येस बैंक ने जिन कंपनियों को कर्ज दे रखा है, उनमें से अधिकतर कंपनियां दिवालिया होने की कगार पर हैं, लिहाजा लोन वापस मिलने की गुंजाइश कम है। हालांकि सरकार ने हाल में यह नहीं कहा कि हम बैंक नहीं डूबने देंगे, बल्कि यह कहा कि बैंक डूबेगा तो पांच लाख रुपए तक लौटा देंगे। मतलब सरकार सिर्फ पांच लाख रुपए की जिम्मेदारी लेगी। इस घटना से तो बैंकों पर से लोगों का भरोसा उठ गया है। आप घर में नगदी रख नहीं सकते। बैंक में पैसा सुरक्षित रहने की गारंटी नहीं है। सरकारी संस्थाओं का ऐसे समय में बेतहाशा निजीकरण किया जा रहा है, बड़े घराने डूब रहे हैं। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद चिंताजनक स्थिति है।

*● रूपेश गुप्ता, गाजियाबाद*

## गेहूं के साथ

मध्य प्रदेश में इन दिनों राजनीतिक उठापटक की परिस्थिति की चर्चा जोरों पर है। सत्ता पक्ष के कुछ विधायकों के नाखुशी की बात की जा रही है तो वहीं विपक्ष के कुछ लोग भी अपनी पार्टी से नाराज बताए जा रहे हैं। गुरुग्राम और बंगलुरु जैसे स्थानों पर विधायकों को रिझाने में रणनीतिकार भिड़े हैं। हालांकि सरकार सुरक्षित होने का दावा कर रही है। जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को गिराने के षड्यंत्र एक तरह से जनादेश का अनादर है, लेकिन राजनीतिक तौर पर इसे परिहार्य माना जाता है। कर्नाटक की घटना इसका अच्छा उदाहरण है। मध्य प्रदेश में कुछ दिन पहले ही सदस्यों की नैतिकता का प्रशिक्षण कराने की बातें हुईं। उत्तर प्रदेश में भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ में मंत्रियों की पाठशाला कुछ महीने पहले लग चुकी है। लेकिन शायद ये सवाल उनकी नैतिकता के मूल्यों के अनुकूल मालूम पड़ता है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में ऐसी ही कुछ नीतियों का जिक्र है। बहरहाल, सत्ता तो सदस्यों की बहुमत पर निर्भर करती है, जिसे हासिल करने में नेतागण माहिर होते हैं। लिहाजा चिंता की बात जनता के नुकसान का है जो नई सरकार आने के बाद प्रशासनिक सर्जरी के कारण महीनों जनकल्याणकारी कार्यों में व्यवधान के तौर पर होता है। जनता की स्थिति गेहूं के साथ घुन के पिसने जैसी हो जाती है।

*● कृष्ण चंद्र त्रिपाठी, उज्जैन, मध्यप्रदेश*

## आभासी रास्ता

सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां हम अपने विचार पूरी स्वतंत्रता के साथ रख सकते हैं। अपनी बात एक जनसमूह तक पहुंचा सकते हैं, जागरूकता फैला सकते हैं। लेकिन इस बदलते दौर में इसका अर्थ बदलता जा रहा है और इससे सर्वाधिक प्रभावित है हमारी युवा पीढ़ी। जिस तरह से हर पहलू के दो सिक्के होते हैं, उसी तरह सोशल मीडिया का भी दो पक्ष है- सकारात्मक और नकारात्मक। मगर स्वभाव के अनुसार इंसान गलत और बुरी चीजों की तरफ अत्यधिक अग्रसर होते हैं, क्योंकि गलत रास्ता रोचक, लुभावना, आसान और मनोरंजक होता है, जिसके वश में आना कोई बड़ी बात नहीं होता। कई बार अभिभावक की कड़ी निगरानी में होते हुए भी बच्चे बहुत कुछ अन्यथा कर गुजरते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भुगतान बच्चे को आजीवन भरना पड़ता है और उसका भविष्य अंधकार में पड़ जाता है। दूसरी ओर सोशल मीडिया ज्यादा खतरनाक साबित होता जा रहा है, क्योंकि इसके इस्तेमाल पर कोई बंदिश नहीं है। ज्यादा से ज्यादा लोग सोशल मीडिया से नॉलेज के लिए जुड़ते हैं, चाहे वह किसी भी क्षेत्र से संबंधित हो, मगर इसी का फायदा उठा कर कई लोग झूठी खबरों और तथ्यों का उपयोग करते हैं, जिसका असर पाठकों और यूसुफ पर प्रभावित रूप से पड़ता है। उपयोग चाहे किसी चीज का हो, अगर जरूरत से ज्यादा किया जाए, तो वह हानिकारक बन जाता है। आज के युवा देश के भविष्य हैं। ऐसे में जरूरी है कि वह हर कदम सोच-समझ कर उठाएं और किसी लुभावने झांसे से बचें।

*● अनिल कुमार, औरंगाबाद, बिहार*

## सावधानी बेहतर

वुहान शहर से उत्पन्न वायरस पर चीन ने 'प्रीकॉशन एंड क्योर' की नीति अपनाते हुए इसे फैलने से रोका। लेकिन आए दिन वायरस का प्रभाव विदेशों में देखा जा रहा है और भारत भी करीब ढाई दर्जन मामलों के साथ इसकी जद में आ चुका है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जनता से अपील कर होली मिलन समारोह से दूर रहने की हिदायत दी है। दूसरी ओर मध्यप्रदेश के आदिवासी जिले आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, धार में भगोरिया मेला चल रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद होते हैं और यह चार दिन और चलेगा। अगर संक्रामक व्यक्ति या वायरस वहां पहुंच गया तो स्वास्थ्य संबंधी खतरा बहुत अधिक बढ़ जाएगा। इसलिए मध्यप्रदेश सरकार को इस संबंध मे जानकारी और जागरूकता अभियान चलाने और ठोस उपाय करने की आवश्यकता है।

*● संजय रावत, बीएचयू, वाराणसी*

**चौपाल**

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

www.readwhere.com


हुरंगा होली

## जानकारी

**अब** उत्तर प्रदेश के बजट में मथुरा के रंगोत्सव के लिए विशेष रूप से पांच करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। भविष्य में इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि बृज की होली पूरी तरह प्रायोजित होने लगे। यह आयोजन और प्रायोजन आकर्षक जरूर हो सकते हैं लेकिन होली कतई नहीं।

रंग राग

## कैलेंडर



# ...गुलाल, लड्डू, फूल, लाठी, कोड़ा

पवन गौतम

सूचे बृज क्षेत्र में होली के हुड़दंग की धूम मची हुई है। हजारों सालों से बृज की धरती पर होली खेली जाती रही है। हमारी संस्कृति और परंपराओं में बदलाव आता रहा, किंतु बृज के कण-कण में आज भी राधा-कृष्ण का प्रेम और नटखट कन्हैया और श्री राधा रानी की प्रेमभरी होली जनमानस के मन पर अमिट छाप लिए बनी हुई है। कान्हा की मधुर बांसुरी की धुन और राधा रानी के नूपुरों की झनकार और उनके नृत्य आज भी हमें उनके हमारे बीच ही उपस्थिति का अहसास कराते रहते हैं।

बृज में वसंत पंचमी से ही होली शुरू हो जाती है। होलिकाष्टक लगने के साथ ही होली का उल्लास अपने चरम पर पहुंच जाता है। फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष अष्टमी तिथि से अगले आठ दिन तक होलिकाष्टक शुरू हो जाते हैं। इस दौरान किसी भी तरह का कोई भी शुभ कार्य प्रतिबंधित रहता है। माना यही जाता है कि बृज में ये आठ दिन हर नर और नारी, वृद्ध और बच्चे के लिए सिर्फ होली खेलने के लिए निमित्त हैं। इसी दिन श्यामा और श्याम को गुलाल लगाकर श्रृंगार करने की परंपरा निभाई जाती है।

बृज में चारों ओर होली की अनूठी परम्पराओं के दर्शन होते हैं। कहीं रंग गुलाल की होली होती है तो कहीं अंगारों की, कहीं फूलों की तो कहीं लाठियों और कोड़ों की होली होती है। गोकुल और रावल इलाके में छड़ीमार होली खेली जाती है। माना जाता है कि जब हुरियारिनें बालक श्रीकृष्ण से होली खेलने की जिद करती हैं तो माता यशोदा मनुहार करती हैं कि कान्हा अभी छोटा है। तब, हुरियारिनें छोटी-छोटी डंडियों से कान्हा के साथ ठिठोली करती हैं। इसे ही छड़ी होली कहा जाता है। रावल में भी बाल स्वरूप श्रीकृष्ण के साथ छड़ी होली खेली जाती है। नंदगांव और बरसाना तक आते-आते बाल श्रीकृष्ण इतने बड़े हो गए थे कि अब वह हुरियारिनों के लट्ठों के वार को भी झेल सकते थे। नंदगांव, बरसाना, श्रीकृष्ण जन्मस्थान आदि जगहों पर इसी भाव के साथ लट्ठमार होली होती है।

**बृज की होली आध्यात्मिक प्रेम की पराकाष्ठा है। तन पर रंग की वर्षा से तो सिर्फ शरीर ही रंगता है लेकिन बृज में होने वाली प्रेम की वर्षा से तो जीवों के अंदर ईश्वरीय प्रेम जागृत हो जाता है।**

नंदगांव की होली के अगले दिन फाल्गुन शुक्ल एकादशी को रंगभरनी एकादशी पर्व पर मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन आदि के मंदिरों में रंग और गुलाल के ऐसे बादल उड़ते हैं जिससे बचकर किसी का भी निकलना मुश्किल होता है। मंदिरों में होने वाली सतरंगी होली का आनंद भक्त और भगवान के बीच में खेला जाने वाला होली के वास्तविक आनंद की अनुभूति कराता है। बृज की होली को बेहद अनूठा इसलिए माना जाता है क्योंकि यहां ठिठोलियों के साथ आध्यात्मिकता का समावेश कुछ इस तरह से होता है कि यह पता ही नहीं चल पाता कि कब हम अपने अराध्य को गाली दे रहे हैं और कब उसकी पूजा कर रहे हैं। मानो सब कुछ कान्हा को समर्पित हो।

मथुरा में यमुनातट पर विश्राम घाट, स्वामी घाट, बंगाली घाट आदि क्षेत्रों में होली की छटा कुछ अलग ही देखने को मिलती है। जगह-जगह घाटों की बुर्जियों में लोग भांग-ठंडाई बड़ी-बड़ी सिलों पर पीसते हैं। इसके शौकीन मथुरा के चतुर्वेदी समाज के लोग बादाम, पिस्ता, काजू, मुनक्का, खरबूज की मींग, सौंफ, काली मिर्च, गुलकंद आदि को पीसकर एक गोले का रूप दिया जाता है। इसके बाद मनों दूध में इस मिश्रण को मिलाकर सभी देवताओं का आह्वान करके फिर उपस्थित लोग प्रसाद के रूप में इसका सेवन करते हैं। भांग की तरंग और ठंडाई की उमंग के साथ सभी मस्ती में डूब जाते हैं।

निकटवर्ती कोसीकलां क्षेत्र के गांव फालैन का होलिका दहन अनूठा है। यहां आज भी प्रहलाद कुंड है। इसी कुंड में स्नान कर पंडा भक्त प्रहलाद के रूप में जलती होली में प्रवेश करते हैं और सकुशल निकल आते हैं। बृज की होली की यह परंपरा उन कई चमत्कारों में शामिल है जिनका जवाब पाने में विज्ञान आज भी जुटा हुआ है। इसी दिन, मथुरा में होली गेट और होलीवाली गली का होलिकादहन देखने के लिए भी लोग दूरदराज से आते हैं। दिन में चतुर्वेदी समाज का डोला पूरा आकर्षण चुरा लेता है। दुल्हड़ी के मौके पर होली का हुड़दंग अपने चरम पर पहुंच जाता है तो अगले दिन होली का कारवां भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भ्राता भगवान बलभद्र के आंगन में पहुंच जाता है।

भगवान बलभद्र मल्ल विद्या में निपुण थे। यहां हुरियारिनें हुरियारों के कपड़े फाड़कर उनके कोड़े बनाती हैं और फिर शुरू होती है हुरियारों की पिटाई। अब तक खेली जाती रही होली भगवान बलभद्र के आंगन में हुरंगा में तब्दील हो जाती है। जटवारी का हुरंगा देहाती होली का अनूठा उदाहरण है। इस तरह के तमाम कार्यक्रम बृज में जगह-जगह चलते रहते हैं। आखिर में होली के समापन पर हुरियारे गा उठते हैं, 'ढप धरिदे यार गई पर की' यानी अब तो अगले साल ही होली खेलने को मिलेगी। मुखराई, ऊमरी, रामपुर, अहमल कलां, बछगांव, सौंख आदि आठ गांवों में चरकुला नृत्य का अयोजन होता है। यह बृज का परंपरागत लोक नृत्य है जिसमें चांदनी रात में सैकड़ों दीपों से जगमगाता 40 से 60 किलो वजन का चरकुला सिर पर रखकर एक नृत्यांगना होली के रसिया गीतों के लय ताल पर थिरकती है। आज भी विशाल नगाड़े की ताल और अलगोजा, थाली, करताल और मंजीरे की मधुर स्वर लहरियों के बीच इस नृत्य की समाप्ति पर नृत्यांगना को जुग-जुग जीने का आशीर्वाद दिया जाता है। दूर से देखने पर जरूर यह लगता है पूरे फाल्गुन मास पूरा बृज होली के उल्लास में डूबा रहता है। लेकिन, बृज की होली का अल्हड़पन अब कहीं खो सा गया है। यहां अब वह होली नहीं होती है जिसके लिए बृज को जाना जाता है।

## बेमिसाल बृज


लट्ठमार होली

**गांव** की चौपाल पर रातभर चलने वाली सांखी तो जैसे अब कहानी-किस्सों तक ही सीमित रह गई है। दुखी मन से बुजुर्ग तो यहां तक कहते हैं कि जो खो गया है, वही तो होली थी, जो रह गया है वह तो सिर्फ 'आयोजन' है। बरसाना की लट्ठमार होली अब उत्सव हो गई है। प्रशासन ने इसे 'लट्ठमार होली मेला' का नाम दे दिया है। बृज की होली मठ मंदिरों तक सिमट कर रह गई है। वह उल्लास जिसे होली कहते हैं किसी मन में टटोलने पर भी नहीं मिल रहा है। सरकार के लिए होली पर्यटकों को आकर्षित करने का उपक्रम बन गया है तो आयोजनकर्ताओं के लिए नफा और नुकसान का महज एक गणित। लेकिन कुछ भी कहिए, बसंत पंचमी से चैत्र कृष्ण नवमी तक चलने वाला 50 दिन का गीत, संगीत, नृत्य, भक्ति और भाव रस, रंग, उमंग का यह त्योहार बृजवासियों को मन तक भिगोकर तृप्त कर देता है। सभी की कामना होती है कि सभी चिरंजीवी हों और बृज में प्रति वर्ष होली खेलकर आनंद की अनुभूति के साथ साथ भगवान कृष्ण और राधा के प्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाते रहें।


लड्डू होली

## होलिका दहन

09 मार्च

हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा की रात ही होलिका दहन किया जाता है।

*होलिका दहन का शुभ मुहूर्त*

होलिका दहन की तिथि : 9 मार्च 2020
पूर्णिमा तिथि प्रारंभ : 9 मार्च 2020 को सुबह 3 बजकर 3 मिनट से
पूर्णिमा तिथि समाप्त : 9 मार्च 2020 को रात 11 बजकर 17 मिनट तक
होलिका दहन मुहूर्त : शाम 6 बजकर 26 मिनट से रात 8 बजकर 52 मिनट तक

*होलिका दहन का महत्व*

होलिका दहन की अग्नि को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। होलिका दहन की राख को लोग अपने शरीर और माथे पर लगाते हैं।

*होलिका दहन की पूजन सामग्री*

एक लोटा जल, गोबर से बनी होलिका और प्रह्लाद की प्रतिमाएं, माला, रोली, गंध, फूल, कच्चा सूत, गुड़, साबुत हल्दी, मूंग, गुलाल, नारियल, पांच प्रकार के अनाज, गुजिया, मिठाई और फल।

*होलिका दहन की कथा*

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सालों पहले पृथ्वी पर एक अत्याचारी राजा हिरण्यकश्यपु राज करता था। उसने अपनी प्रजा को यह आदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति ईश्वर की वंदना न करे, बल्कि उसे ही अपना आराध्य माने। लेकिन उसका पुत्र प्रह्लाद ईश्वर का परम भक्त था। ऐसे में हिरण्यकश्यपु ने अपने पुत्र को दंड देने की ठान ली। उसने अपनी बहन होलिका की गोद में प्रह्लाद को बिठा दिया और अग्नि के हवाले कर दिया। होलिका को ईश्वर से यह वरदान मिला था कि उसे अग्नि कभी नहीं जला पाएगी, लेकिन भाई का साथ देने के कारण होलिका भस्म हो गई और सदाचारी प्रह्लाद बच निकले। तभी से बुराइयों को जलाने के लिए होलिका दहन किया जाने लगा।

# मतवाले रंगों में सराबोर देवता और भक्त

बीरबल शर्मा

हिमाचल प्रदेश में होली की मस्ती अनूठी ही होती है। यहां पर जहां कई जगह पर होली के मेले सजते हैं, वहीं कई जगहों पर देवी-देवता और भक्त एक साथ नाचते-झूमते हैं। देश में मनाई जाने वाली होली से एक दिन पहले ही मंडी की होली का खूब रंग जमता है। पूर्णमासी के दिन यहां पर होली खेली जाती है। होली के मतवाले रंगों की बौछार करते हुए ऐतिहासिक सेरी मंच की ओर बढ़ते। चौहटा और सेरी बाजार में होली के मतवालों की टोलियां सुबह से ही एक-दूसरे पर रंग बिखेरती और होली के हुड़दंग में मस्त देखी जाती हैं। इसके पश्चात सारा शहर मानों सेरी पवेलियन में सिमट कर रह जाता है। सारा शहर जैसे पारिवारिक माहौल में सेरी के प्रांगण में जश्न मनाता है।

### माधोराय संग खेली होली

शिवरात्रि के बाद राजदेवता माधोराय होली के दिन लोगों के बीच होली का जश्न मनाते हैं। मंडी में राजदेवता माधोराय की भागीदारी इस उत्सव को रियासत के राजा और प्रजा के रिश्तों की प्रगाढ़ता को उजागर करता है। माधोराय मंडी रियासत के राजा रहे हैं। मंडी की होली राजा और प्रजा के बीच आपसी सद्भाव और सौहार्द की प्रतीक है। मंडी की होली की खासियत यह है कि यहां महिलाएं भी बेखौफ होकर बाजार में होली खेलने आती हैं। राजदेवता माधोराय की भागीदारी तो रियासतकाल से ही होली में रही है। उस जमाने में मंदिर के प्रांगण में पीतल के बड़े बर्तनों में रंग घोला जाता था। राजा दरबारियों के साथ होली खेलता था। यही नहीं राजा घोड़े पर सवार होकर प्रजा के बीच भी होली खेलने जाता था।





## फाग उत्सव

### माधोराय की जलेब के साथ होती है होली

दिन भर सेरी पवेलियन और मंडी की गलियों में होली खेलने के बाद राजदेवता माधोराय की जलेब निकलने के साथ ही मंडी की होली का यह जश्न समाप्त हो जाता है। राजदेवता माधोराय के मंदिर से होली खेलते हुए होली के मतवाले चौहटा बाजार होते हुए मोती बाजार, समखेतर, बालकरूपी, भूतनाथ बाजार से वापस माधोराय के मंदिर पहुंचते हैं। इसके साथ ही रंगों का यह उल्लास पर्व संपन्न हो जाता है।

हिमाचल प्रदेश में होली पर हमीरपुर जिले के सुजानपुर में तीन दिन का मेला लगता है जो राजा संसार चंद कटोच के वक्त से चलता आ रहा है। इसी तरह से पालमपुर में भी तीन दिन का मेला लगता है। ऊना जिले के बाबा बड़भाग सिंह में तो कई दिन मेला चलता है, जिसमें पंजाब से आने वाले लाखों लोग भाग लेते हैं। यहां पर चरण गंगा है जिसमें नहाने से सारे रोग दूर हो जाते हैं।

इसी तरह से बिलासपुर के गुरु के लाहौर में होला व होली मनाई जाती है जिसमें पंजाब से भी आकर लोग भी शामिल होते हैं। कुल्लू जिले के मंगलौर में तो होली को फाग उत्सव के रूप में मनाया जाता है जिसमें देवता की पालकी के साथ लोग पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हैं। पूरे इलाके के लोग इसमें शामिल होते हैं। प्रदेश के कई शहरों कुल्लू, सुंदरनगर आदि में तो तीन तीन दिन होली के रंग देखे जाते हैं। एक तरह से पूरा सप्ताह ही पहाड़ी प्रदेश देवभूमि हिमाचल में होली की धूम रहती है।

चंबा जिले में तो होली के नाम से एक कस्बा भी है जो रावी नदी किनारे मणीमहेश मार्ग पर खड़ा मुख के समीप है।

# पलाश के फूल, दोल उत्सव और कविगुरु

जयनारायण प्रसाद

बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर भारत में जिसे हम होली कहते हैं, पश्चिम बंगाल में यही होली 'दोल उत्सव' के नाम से जानी-पहचानी जाती है। बंगाल में दोल उत्सव की परंपरा कब से है, बताना मुश्किल है। कहते हैं कि 1873 में कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर पहली बार शांतिनिकेतन आए और यहां का वातावरण उन्हें इतना भाया कि वे यहीं के होकर रह गए।

बंगाल में होली के पर्व को दोल के अलावा वसंतोत्सव और दोल पूर्णिमा भी कहते हैं। बंगाल के हर हिस्से में इस दिन रंग और गुलाल से लोग सराबोर दिखते हैं। हिंदीभाषियों की होली से ठीक एक दिन पहले बंगाल में दोल उत्सव होता है। दोल के एक दिन पहले होलिका दहन की परंपरा निभाई जाती है, जिसे बंगाल में 'नेड़ा-पोड़ा' कहते हैं। बांस, काठ और घास-फूस से यह परंपरा निभाई जाती है। कुछ जिलों में होलिका दहन की परंपरा को 'चांचल' भी कहते हैं।

बंगाल में दोल उत्सव के प्रारंभ के बारे में कहावत है कि दोल पूर्णिमा के दिन ही राधिका और उसकी अन्य सहेलियों के साथ श्रीकृष्ण रंग-गुलाल से सराबोर हो गए थे। दोल पूर्णिमा के दिन ही गंगा के नजदीक महाप्रभु चैतन्य का आविर्भाव हुआ था, इसलिए इस दिन को गौर पूर्णिमा भी कहते हैं। बंगाल के नदिया जिले में गौर पूर्णिमा के दिन दोल उत्सव देखने का आकर्षण ही कुछ और है! महाप्रभु चैतन्य की आविर्भाव-भूमि नदिया जिले में ही है। ढोल-मंजीरे के साथ श्रद्धालु यहां कीर्तन करते हुए दोल उत्सव का पालन करते हैं।

शांतिनिकेतन में दोल उत्सव का आनंद ही कुछ और है। विश्वभारती विश्वविद्यालय की छात्र-छात्राएं शांतिनिकेतन में इस दिन विशेष वेशभूषा में होती हैं और कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर के गीतों के माध्यम से यहां वसंतोत्सव मनाया जाता है। दोलजात्रा या दोल उत्सव के दिन सुबह-सुबह यहां की छात्राएं एक सुमधुर गीत 'ओरे गृहबासी खोल द्वार खेल' नामक गाना गुनगुनाती हैं। पीले परिधान में चेहरे पर गुलाल लगाए इन छात्राओं को देखने से लगता है दरवाजे पर वसंत आ गया है। उसी दिन शाम के वक्त शांतिनिकेतन के गौर प्रांगण में रवींद्रनाथ टैगोर के किसी एक नाटक का मंचन भी होता है। शांतिनिकेतन के दोल उत्सव को देखने के लिए विदेशों से भी लोग आते हैं। देश के कोने-कोने से तो लोग आते ही हैं। महीने भर पहले से शांतिनिकेतन के लॉज, होटल और गेस्ट हाउस बुक हो जाते हैं। बंगाल के बीरभूम जिले में पड़ने वाले शांतिनिकेतन की दूरी कोलकाता से लगभग 165 किलोमीटर है। रेलगाड़ी से बोलपुर स्टेशन पर उतरकर शांतिनिकेतन पहुंचा जा सकता है। शांतिनिकेतन के रास्ते में रेलगाड़ी पर ढेर सारे बाउल संगीत के कलाकार भी दिखाई देते हैं, जिनके एकतारा के संगीत को सुनकर कोई भी मुग्ध हो सकता है। लाइफ, लव और फेथ की ध्वनि को शिद्दत से महसूस कर सकते हैं।

किसी जमाने में शांतिनिकेतन को 'भुवनडांगा' भी कहा जाता था। रवींद्रनाथ टैगोर के पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ने इसकी नीरवता और यहां की शांति को देखकर इसका नाम शांतिनिकेतन रखा। 15 मई, 1817 को जन्मे देवेंद्रनाथ टैगोर ने 1848 में ब्रह्म समाज की स्थापना भी की थी। देवेंद्रनाथ टैगोर वर्ष 1863 में शांतिनिकेतन आए। कहते हैं कि उसी वर्ष रायपुर के जमींदार ने देवेंद्रनाथ टैगोर को यहां कुछ जमीन दान में दी। उस जमीन पर उन्होंने आश्रम बनाया। इसे 'छादिम तला आश्रम' कहा जाता है। रवींद्रनाथ टैगोर, देवेंद्रनाथ टैगोर के सबसे छोटे पुत्र थे। कहते हैं कि अपने पिता के साथ रवींद्रनाथ टैगोर पहली दफा वर्ष 1873 में यहां आए। फिर, 1901 में रवींद्रनाथ टैगोर ने मन बना लिया कि वे शांतिनिकेतन में ही रहेंगे। बाद में इसी शांतिनिकेतन की छत्र-छाया में विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।

1951 के पहले तक विश्वभारती एक कॉलेज होता था। दोल उत्सव के दिन विश्वभारती विश्वविद्यालय में सुबह-सुबह रवींद्र संगीत बजता है। अबीर खेलते हुए छात्राएं आम्रकुंज से निकलती हैं। कलाभवन, संगीत भवन, विश्वविद्यालय के खेल मैदान की परिक्रमा करते हुए अन्य परिसरों में जाती हैं और एक ऐसी शृंखला बनती चली जाती हैं, जिसके आनंद में बाल वृद्ध वनिता सभी मगन हो जाते हैं। सिर पर लाल पलाश के फूल और हल्दी रंग की साड़ियों में छात्राओं को देखना मोहक लगता है।

कहते हैं कि दोल उत्सव शीत को विदा करते हुए नवीन वसंत काल का भी प्रतीक है। वेद, पुराण, शब्दपुराण, महर्षि जैमिनी मीमांसा सूत्र में भी वसंतोत्सव और होली का उल्लेख मिलता है। रवींद्रनाथ टैगोर की पुत्रवधु प्रतिमा देवी ने भी एक जगह लिखा है-दोल पूर्णिमा उत्सव का मतलब है शांतिनिकेतन। बिना शांतिनिकेतन आए, दोल उत्सव का आनंद मिल ही नहीं सकता। दोल पूर्णिमा के दिन बंगाल, दोल उत्सव और रवींद्रनाथ एक-दूसरे में सचमुच एकाकार दिखते हैं।



## दोलजात्रा




# शिव शंकर खेलत हैं होरी...

सुनील दत्त पांडेय

उत्तराखंड के चार क्षेत्रों में होली अलग-अलग तरीके से बनाई जाती है। कुमाऊं, गढ़वाल, जौनसार और मैदानी क्षेत्रों हरिद्वार और उधम सिंह नगर में होली स्थानीय परंपराओं के अनुसार मनाई जाती है। उत्तराखंड में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध कुमाऊं की होली मानी जाती है। कुमाऊं की होली पौष मास से शुरू होती है और माघ व फागुन मास में अपने रंग में रंग जाती है और पूरा कुमाऊं होलीमय हो जाता है। फागुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन और चैत्र कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन धुलेंडी के दिन रंग खेलने के साथ तीन महीने चलने वाला होली का त्योहार संपन्न होता है। तीन महीने तक होल्यार होली के गीत गाते हैं और होली के रंग में डूब जाते हैं।

**उत्तराखंड** के कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले के सल्ट में एक अनूठी होली होती है। इस होली में जहां होल्यार होली गाते हैं। वहीं, इस होली में लोक नृत्य से भी समां बांधा जाता है। यहां होली के साथ-साथ न्योली, छपेली और झोड़ा आदि लोगों का मनमोह लेते हैं। उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली का त्योहार शास्त्रीय संगीत पर आधारित होता है।




कुमाऊं में तीन तरह की होली होती है। पहली खड़ी होली, दूसरी बैठकी होली और तीसरी महिलाओं की होली होती है। खड़ी होली, खड़े होकर नृत्य के साथ ढोल, मंजीरा नगाड़े और दमाऊ की लय पर लोक नृत्यों के साथ खेली जाती है। खड़ी होली में सभी देवी-देवताओं से संबंधित अनुष्ठान भक्ति पर रंगारिक नृत्य संबंधित तथा हुड़दंगी होली का रूप देखने को मिलता है। खड़ी होली का प्रारंभ गणेश वंदना के साथ होता है। कुमाऊं के प्रसिद्ध लोकगीत गायक लेखक गिरीश तिवारी गिर्दा ने अपने लेखों में और गीतों में खड़ी होली का विशेष उल्लेख किया है। खड़ी होली को बंजारा होली के नाम से भी जाना जाता है। बैठकी होली कुमाऊं के चंद राजाओं के जमाने से शुरू हुई। इस होली का प्रारंभ पौष माह के पहले रविवार से दार्शनिक और बैरागी गीतों से शुरू होता है जो माघ और फागुन के महीने तक चलता है। बैठकी होली में बसंत ऋतु का वर्णन इस तरह किया जाता है 'आयो नवल बसंत सखी ऋतुराज कहावे, पुष्प कली सब फूलन लावे फूल ही फूल सुहावे'। वहीं शंकर जी को होली खेलते हुए बैठकी होली के गीतों में इस तरह दर्शाया गया है 'शिव शंकर खेलत है होरी, अंग विभूति गले मुंड माला, कानन नागन की जोड़ी, शिव शंकर खेलत हैं होरी'।

महिलाओं की होली में महिलाएं टोलियां बनाकर फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी को एक दूसरे के घर जाती हैं और होली गाती हैं। आंवले की पूजा करती हैं और आंवले के वृक्ष में चंदन रोली, अक्षत गुलाल और रंग चढ़ा कर पूजा अर्चना की जाती है और आंवले के फल का सेवन किया जाता है। इस एकादशी के दिन महिलाएं सबसे पहले भगवान विष्णु के वस्त्रों में पूजन करके रंग छिड़कती हैं। उसके बाद महिलाएं अपने और परिवार के सदस्यों के कपड़ों पर रंग छिड़कती है और इन कपड़ों को धूलेंडी के दिन पहनकर परिवार के सदस्य होली खेलते हैं।

गढ़वाल मंडल के पौड़ी जनपद में भी खड़ी होली का प्रचलन अत्यधिक है जबकि इस पर्वतीय राज्य के देहरादून जिले से सटे जौनसार बावर क्षेत्र में होली का गढ़वाल और कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्रों जैसा प्रचलन नहीं है। जौनसार बावर के तराई क्षेत्र विकासनगर कालसी में कहीं-कहीं खड़ी होली मनाई जाती है जबकि देहरादून, हरिद्वार और उधम सिंह नगर जैसे मैदानी क्षेत्रों में होली का मिश्रित रूप देखने को मिलता है। जौनसार बावर में हिमाचल प्रदेश की होली की छाप दिखाई देती है। उत्तराखंड में कुमाऊं में होली का उत्साह देखने को मिलता है, वैसा गढ़वाल और अन्य क्षेत्रों में देखने को नहीं मिलता।

**गायक** संगीतज्ञ डॉ प्रदीप जोशी कहते हैं कि उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली का ज्यादा प्रचलन है और यह होली लोक गीतों पर आधारित है। कुमाऊं में होली गायन पूरी तरह शास्त्रीय संगीत में निबद्ध कालचक्र के अनुसार प्रारंभ हो जाता है। संपूर्ण होली का गायन पीलू, भीमपलासी, सारंग, कल्याण, श्याम कल्याण, काफी, जंगला काफी, झिंझोटी, खमाज, बागेश्वरी, शहाना, बिहाग, जैजैवंती, जोगिया भैरवी में मध्यान्ह से लेकर प्रातः काल तक बांट दिया जाता है। होली गायन एक विशिष्ट शैली पर आधारित होता है होली चांचर ठुमरी वर्ग में आता है चांचर ताल चौदह या सोलह मात्रा में बजाई जाती है।



## पहाड़ की होली

www.readwhere.com

# कांग्रेस 11 तक करेगी राज्यसभा के लिए उम्मीदवारों का एलान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

कांग्रेस राज्यसभा उम्मीदवारों के नाम का एलान होली के बाद 11 मार्च को कर सकती है। मध्य प्रदेश में हुए घटनाक्रम को देखते हुए पार्टी इस चुनाव को लेकर बेहद सतर्क है और फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। 17 राज्यों की 55 सीटों पर 26 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और धीरे-धीरे विभिन्न दलों ने अपने उम्मीदवारों के नाम का एलान शुरू कर दिया है।

कांग्रेस और भाजपा सहित तमाम सियासी दलों ने राज्यसभा की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। विधायकों की संख्या के अनुपात में ज्यादा सीटें जीतने के फेर में दूसरे दलों के विधायकों को भी तोड़ने की कोशिश करने के आरोप राजनीतिक दलों पर लग रहे हैं। मध्य प्रदेश में सियासी उथल-पुथल के पीछे असली वजह राज्यसभा चुनाव को ही माना जा रहा है।

राज्यसभा की जिन 55 सीटों पर सदस्यों का कार्यकाल आगामी अप्रैल में पूरा हो रहा है उनमें महाराष्ट्र (7), ओड़ीशा (4), तमिलनाडु (6) और पश्चिम बंगाल (5) की सीटें दो अप्रैल को खाली हो रही हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश (4), तेलंगाना (2), असम (3), बिहार (5), छत्तीसगढ़ (2), गुजरात (4), हिमाचल प्रदेश (1), झारखंड (2), मध्य प्रदेश (3), मणिपुर (1) और राजस्थान (3) की सीटें 9 अप्रैल को खाली हो रही हैं। मेघालय की एक सीट 12 अप्रैल को खाली हो रही है।

राज्यसभा में जिन नेताओं का कार्यकाल पूरा हो रहा है, उनमें उपसभापति हरिवंश, महाराष्ट्र से आरपीआइ नेता और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, राकांपा प्रमुख शरद पवार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा, दिग्विजय सिंह, कुमारी शैलजा, डॉ. संजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल और प्रभात झा जैसे नेता शामिल हैं। महाराष्ट्र से माजिद मेनन, कांग्रेस के हुसैन दलवी, शिवसेना के राजकुमार धूत और भाजपा के अमर शंकर साबले का कार्यकाल भी पूरा हो रहा है। कांग्रेस के हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले एक नेता ने कहा कि कांग्रेस के कोटे से कुमारी शैलजा की एक सीट खाली हो रही है। पार्टी एक बार फिर से उन्हें उम्मीदवार बना सकती है। राज्य विधासभा की स्थिति को देखते हुए इस एक सीट को जीतने के लिए कांग्रेस को 31 विधायक चाहिए और उतने ही विधायक उसके पास हैं भी, लिहाजा यहां पर कोई भी दिक्कत नहीं आने वाली है। उन्होंने चुनाव के लिए पार्टी विधायकों को विप जारी किए जाने की संभावना से इनकार किया। हालांकि ज्यादातर उम्मीदवारों के निर्विरोध चुने जाने की उम्मीद है।

# येस बैंक प्रमुख राणा कपूर को लेकर कांग्रेस-भाजपा में रार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 मार्च।

**कपूर ने प्रियंका गांधी से खरीदी थी हुसैन की पेंटिंग : अमित मालवीय**

**कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि प्रियंका ने राजीव गांधी के चित्र वाली हुसैन की जो पेंटिंग बेची थी, उसका भुगतान चेक से हुआ था**

अपनी खराब आर्थिक सेहत के लिए चर्चा में आए येस बैंक के संस्थापक राणा कपूर के कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से एक पेंटिंग खरीदने को लेकर रविवार को कांग्रेस और भाजपा ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए।

भाजपा के आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने रविवार को आरोप लगाया कि कपूर ने कुछ साल पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से एमएफ हुसैन की पेंटिंग खरीदी थी। इस पर पलटवार करते हुए विपक्षी पार्टी ने दावा किया कि संकट से घिरा यह बैंक अतीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी वाले कई कार्यक्रमों का प्रायोजक रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि प्रियंका ने राजीव गांधी के चित्र वाली हुसैन की जो पेंटिंग बेची थी, उसका भुगतान चेक से हुआ था और इस पर आयकर भी दिया गया था।

मालवीय ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए ट्वीट कर आरोप लगाया कि भारत में हर वित्तीय अपराध का गांधी परिवार से संबंध होता है। माल्या सोनिया गांधी को फ्लाइट अपग्रेड टिकट भेजता था। उसकी मनमोहन सिंह और पी चिदंबरम तक पहुंच थी। अब वह फरार है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने नीरव मोदी के ज्वेलरी कलेक्शन का उद्घाटन किया। राणा कपूर ने प्रियंका गांधी से पेंटिंग खरीदी।

इस बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस प्रवक्ता सिंघवी ने कहा कि राजीव गांधी का चित्र था जिसे एमएफ हुसैन ने बनाया था। इसे दो करोड़ रुपए में बेचा गया था। यह क्यों नहीं बताया गया कि इस राशि का भुगतान चेक से हुआ था और उसे आयकर फाइल करने में दर्शाया गया था?

उन्होंने दावा किया कि राणा कपूर और येस बैंक ने प्रधानमंत्री के कई कार्यक्रमों का प्रायोजन किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कई बार राणा कपूर की तारीफ की और उनके निमंत्रण पर गए। इसका हम पूरा विवरण जारी कर रहे हैं। इस तरह की वाहियात राजनीति से आप (मालवीय) खुद का और अपनी पार्टी का मजाक बना रहे हैं।

# ईरान में 49 व चीन में 27 और लोगों की मौत

पेज 1 का बाकी

ज्यादा संख्या है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने बताया कि सभी 27 लोगों की मौत मध्य हुबेई प्रांत में हुई, जो कोरोना विषाणु से सबसे अधिक प्रभावित है। रविवार को सामने आए 44 नए मामलों में से 41 हुबेई प्रांत के वुहान के हैं। चीन के मुख्य भूभाग में शनिवार तक संक्रमित लोगों की संख्या 80,695 हो गई जबकि इससे मरने वाले लोगों की संख्या 3,097 पर पहुंच गई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शनिवार को बताया कि 93 देशों में कोविड-19 के कुल 21,114 मामलों की पुष्टि हुई है। दुनियाभर में इससे संक्रमित मामलों की संख्या बढ़कर 1,01,927 हो गई है। दूसरी ओर, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना वायरस से 49 और लोगों की मौत की रविवार को जानकारी दी। इस्लामी गणराज्य में वायरस फैलने की शुरुआत से अब तक यह एक दिन में होने वाली सबसे ज्यादा मौतें हैं। नए मामलों के साथ ही देश में -फरवरी मध्य के बाद से वायरस से मरने वालों की संख्या 194 पर पहुंच गई है। वायरस से सर्वाधिक प्रभावित चीन के बाहर सबसे ज्यादा मौतें इटली और ईरान में ही हुई हैं। यह वायरस ईरान के सभी 31 प्रांतों में फैल चुका है जहां 6,566 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

इस बीच, उत्तरी इटली में करीब डेढ़ करोड़ लोगों को रविवार सुबह देश के अन्य हिस्सों से अलग-थलग कर दिया गया। सरकार ने यह सख्त पाबंदी कोरोना विषाणु के संक्रमण को रोकने के लिए लगाई है।

## कब इस्तेमाल करें मास्क

-अगर आप स्वस्थ हैं तो आपको कोरोना विषाणु से संक्रमित मरीज की देखभाल के समय ही मास्क पहनने की आवश्यकता है।

-अगर आपको खांसी या जुकाम है तो आपको मास्क पहनने की जरूरत है।

-मास्क पहनने का फायदा तभी है जब आप लगातार अपने हाथों को धोते रहें।

-अगर आप मास्क पहनते हैं तो आपको उसके उपयोग और उपयोग के बाद मास्क को समाप्त करने के सही तरीके के बारे में पता होना चाहिए।

## चीन में पृथक केंद्र बना होटल ढहा, दस की मौत

पेज 1 का बाकी

है। बचाव कार्य में एक हजार से अधिक अग्निशमन कर्मियों, पुलिस अधिकारियों और चिकित्सा कर्मियों को तैनात किया गया है। आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने बचाव कार्य और इमारत ढहने जांच में सहायता के वास्ते कुआंझू में एक कार्य दल भेजा है।

# केरल में कोरोना संक्रमण के पांच और मामले सामने आए

पेज 1 का बाकी

करके आए हैं। एहतियाती तौर पर, परिवार के 90 वर्षीय दो सदस्यों को कोट्टायम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित किया जाएगा। जब उनके ये दोनों संबंधी विषाणु के लक्षणों के साथ अस्पताल गए तो स्वास्थ्य अधिकारियों को इटली से लौटने वाले लोगों के बारे में पता चला। वे हवाई अड्डे पर जांच से बच निकले थे और शुरुआत में अस्पताल में भर्ती नहीं होना चाहते थे। जब उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ सहयोग करने से इनकार कर दिया तो उन्हें जबरदस्ती पथनामथिट्टा जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें पृथक एवं निगरानी में रखा गया है। उन्हें छह मार्च को अस्पताल में भर्ती कराया गया और शनिवार रात उनके विषाणु से संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

इन नए मामलों के सामने आने के बाद से केरल में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। भारत में सबसे पहले तीन फरवरी को केरल में ही कोरोना संक्रमण के तीन मामले सामने आए थे।

कोरोना विषाणु से सबसे अधिक प्रभावित चीन के वुहान से मेडिकल की पढ़ाई कर रहे उन तीनों विद्यार्थियों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।

# पार्टी में उठी मांग, राहुल फिर से संभालें कमान

पेज 1 का बाकी

हूं। पार्टी में ऐसा कोई दूसरा चेहरा नहीं है जो राहुल गांधी की तरफ सभी को स्वीकार्य हो। यह पूछे जाने पर कि राहुल गांधी की वापसी के लिए क्या उचित समय रहेगा तो माकन ने कहा, 'जितना जल्दी हो, उतना बेहतर है क्योंकि इससे अनिश्चितता खत्म होगी।'

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी राहुल गांधी के उस दृढ़ संकल्प और निर्भीकता से बहुत घबराते हैं जिसके साथ उन्होंने भाजपा और आरएसएस का मुकाबला किया है। सुरजेवाला ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरी तरह से अपना लोहा मनवाया है। अब समय आ गया है कि हम क्षेत्रीय नेतृत्व के तुच्छ मुद्दों से ऊपर उठें और कांग्रेस का पुनर्निर्माण करें। यह कहने की जरूरत नहीं है कि राहुल गांधी ही पार्टी की कमान संभालने के लिए एकमात्र विकल्प हैं

# दो हजार करोड़ के निवेश की जांच

पेज 1 का बाकी

अर्बन वेंचर्स कंपनी और डीएचएफएल के प्रवर्तक निदेशक कपिल वधावन के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

एजंसी ने आरोप लगाया कि कपूर (62) ने यस बैंक के जरिए डीएचएफएल को वित्तीय सहायता देने के लिए वधावन के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची। इसके बदले में अपने लिए और अपने परिवार के सदस्यों के लिए उनकी कंपनियों के मार्फत अनुचित लाभ लेने की कोशिश की। सीबीआइ की प्राथमिकी के अनुसार घोटाला अप्रैल से जून 2018 के बीच शुरू हुआ था जब येस बैंक ने घोटालाग्रस्त डीएचएफएल के अल्पावधि ऋणपत्र में 3700 करोड़ रुपए का निवेश किया था। इसके बदले में वधावन ने डीओआईटी अर्बन वेंचर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को कर्ज के रूप में कपूर और परिवार के सदस्यों को कथित तौर पर '600 करोड़ रुपये की रिश्वत' का भुगतान किया था। ईडी अधिकारियों को शक है कि छह सौ करोड़ रुपए का कोष कथित रिश्वत का हिस्सा हो सकता है।

ईडी ने निजी बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कपूर (62) को धनशोधन निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत रविवार तड़के तीन बजे गिरफ्तार किया क्योंकि वे कथित तौर पर जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। ईडी ने कपूर को मुंबई में अवकाश अदालत के समक्ष पेश किया, जिसने उन्हें 11 मार्च तक जांच एजंसी की हिरासत में भेजे जाने का आदेश दिया।

ईडी ने कपूर के घर से कई ऐसे दस्तावेज बरामद किए हैं, जिनसे पता चलता है कि कपूर परिवार ने लंदन में संपत्तियां खरीदीं और मुखौटा कंपनियों के जरिए भारत से धन भेजा।

# वायुसेना की पायलटों समेत 15 सम्मानित

पेज 1 का बाकी

रबलों तथा शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं शामिल हैं। इनमें वायु सेना की पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहना सिंह, भावना कांत और अवनि चतुर्वेदी हैं, जिन्होंने मिग उड़ाया है। नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित महिलाओं में 103 वर्षीय मान कौर भी हैं, जिन्हें चंडीगढ़ का चमत्कार नाम से भी जाना जाता है। कौर ने 93 साल की उम्र में एथलेटिक करिअर की शुरुआत की थी। वह पोलैंड में विश्व मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक (ट्रैक एंड फील्ड) जीत चुकी हैं। अमेरिकन मास्टर्स गेम, 2016 में सौ साल से अधिक उम्र की दुनिया की सबसे तेज धावक होने का रेकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। वह फिट इंडिया मूवमेंट से जुड़ी हैं और ऑकलैंड के स्काई टॉवर (2017) के शीर्ष पर चलने वाली सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं। चामी मुर्मू (47) को एक जूनूनी पर्यावरणविद् के रूप में उनके काम के लिए सम्मानित किया गया है। झारखंड की लेडी टार्जन के रूप में जानी जाने वाली मुर्मू वन विभाग के साथ 25 लाख से अधिक पेड़ लगाने और 3,000 से अधिक महिलाओं को संगठित करने में शामिल रही हैं। इन महिलाओं में किसान पडाला भूदवी और वीना देवी, शिल्पकार आरिफा जान, उद्यमी निलजा वांगमू, ऑटोमोटिव रिसर्च प्रोफेशनल रश्मी उर्धावरदेशे, राजमिस्त्री कलावती देवी, पर्वतारोही ताशी और नुंगशी मलिक, गायिका कौशिकी चक्रवर्ती और साक्षरता परीक्षा में 2018 में टॉप करने वाली 98 साल की कातियायिनी अम्मा। एक अन्य पुरस्कार विजेता भगीरथी अम्मा (105) किसी कारणवश दिल्ली नहीं आ पाईं।

## जोखिम के लिए मजबूत हैं भारतीय बैंक : सुब्रमण्यम

पेज 1 का बाकी

वैश्विक तौर पर बैंकों का कैपिटल टू रिस्क असेट रेशियो (सीआरएआर) आठ फीसद होता है जबकि भारत में यह 14.3 फीसद है। इस हिसाब से हमारे बैंकों की जोखिम उठाने की क्षमता 80 फीसद ज्यादा है। हमारे पास धन की कमी नहीं है इसलिए निवेशकों को घबराने की जरूरत नहीं हैं।

## कपूर की बेटी को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया

पेज 1 का बाकी

ब्रटिश एअरवेज से लंदन जाने की कोशिश में थी। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने राणा कपूर और उसके परिवार, जिसमें पत्नी बिंदु कपूर, बेटियां- राखी कपूर टंडन, राधा कपूर और रोशनी कपूर के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया था।

# अस्पतालों को चाकचौबंद रखने के निर्देश

पेज 1 का बाकी

पृथक बिस्तर तैयार रखा जाए। इमरजंसी वार्ड के इस हिस्से में दूसरे मरीजों का आना-जाना न हो, इसके लिए भी इंतजाम रखने के निर्देश दिए गए हैं। कोरोना विषाणु से निपटने के लिए सुविधाओं में बढ़ोतरी करने के मकसद से जो निर्देश केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिए हैं, उसके तहत एम्स प्रशासन ने कहा है कि नई आपातकालीन शाखा के एक हिस्से में संदिग्ध रोगियों के लिए पृथक बिस्तर तैयार रखा जाएगा।

एम्स ने कहा कि पृथक (आइसोलेशन) केंद्र में एक समय में करीब 20 बिस्तरों का इंतजाम होगा। यहां आए संदिग्ध मरीजों में जैसे ही कोरोना के संक्रमण होने की पुष्टि होती है, उसे इलाज के लिए यहां से तुरंत झज्जर स्थित कैंसर संस्थान में भेज दिया जाएगा। एनसीआइ में कोरोना मरीजों के इलाज के लिए पहले से ही करीब 25 बिस्तरों की तैयारी है। झज्जर में एम्स ट्रॉमा सेंटर के मरीजों को तो स्थानांतरित किया ही जाएगा, वहां सीधे भी मरीज आ सकेंगे। कैंसर सेंटर में 25 बिस्तरों की तैयारी पहले से ही है। इसके अलावा मंत्रालय ने झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान से कहा है कि वह अपनी पृथक बिस्तर क्षमता 25 सीटों से बढ़ाकर 125 कर दे। यहां जांच के भी अलग इंतजाम रखने को कहा गया है। इधर, एम्स के ट्रॉमा सेंटर में एक अलग से प्रवेश द्वार बनाया गया है जहां से कोरोना के संदिग्ध व पुष्ट मरीज एंबुलेंस से सीधे आ सकेंगे। रोगियों के इतिहास और रोग की गंभीरता को देखते हुए उन्हें लाल, पीले व हरे मामले के तौर पर चिह्नित किया जाएगा। यानी गंभीर, कम गंभीर व सामान्य।

एक अधिकारी ने कहा है कि पांडिचेरी में जवाहरलाल परा स्नातक चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान (जिपमेर) सरंस्थान से कहा गया है कि रोगियों को अलग-थलग (आइसोलेशन में) रखने के लिए 13 बिस्तर तैयार रखें। जबकि छह अन्य एम्स को भी निर्देश दिया गया है कि कोरोना विषाणु के मरीजों के लिए 12 से 15 पृथक बिस्तर तैयार रखें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक में देश में कोरोना विषाणु की स्थिति की समीक्षा की और उन्हें निर्देश दिया कि पर्याप्त पृथक व्यवस्था के लिए जगहों की पहचान करें और अगर रोग अधिक फैलता है तो गहन उपचार की व्यवस्था करें।

# कोर्ट ने पूछा, किस कानून के तहत लगाए पोस्टर

पेज 1 का बाकी

का अधिकार मिल जाता है।' पोस्टर में जिन लोगों की तस्वीरें हैं, उसमें कांग्रेस नेता सदफ जाफर और पूर्व आइपीएस अधिकारी एसआर दारापुरी भी शामिल हैं। उन होर्डिंग्स में आरोपियों के नाम, फोटो और आवासीय पतों का उल्लेख है।

रविवार को सुनवाई के दौरान लखनऊ प्रशासन ने हाई कोर्ट में अपना पक्ष पेश किया। महाधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने दलील दी कि लोक व निजी संपत्ति को प्रदर्शन के दौरान नुकसान पहुंचाने वालों को हतोत्साहित करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। जिन लोगों के फोटो लगाए गए हैं, वे कानून का उल्लंघन करने वाले लोग हैं। इनको पूरी जांच और प्रक्रिया अपनाने के बाद अदालत से नोटिस भी भेजा गया था। मगर कोई भी सामने नहीं आ रहा है, इसलिए सार्वजनिक स्थान पर इनके फोटो चस्पां किए गए हैं।

महाधिवक्ता का कहना था कि सरकार का कदम कानून सम्मत है और ऐसा करने में किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में जनहित याचिका के जरिए हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए। सरकार की कार्रवाई हिंसा व तोड़फोड़ की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए है।

राज्य सरकार ने लखनऊ में 19 दिसंबर को हुई हिंसा में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के होर्डिंग्स लगाए थे। 19 दिसंबर, 2019 को जुमे की नमाज के बाद लखनऊ के चार थाना क्षेत्रों में हिंसा फैली थी। ठाकुरगंज, हजरतगंज, कैसरबाग और हसनगंज में तोड़फोड़ करने वालों ने कई गाड़ियां भी जला दी थीं। राज्य सरकार ने नुकसान की भरपाई उपद्रवियों से कराने की बात कही थी। इसके बाद पुलिस ने फोटो-वीडियो के आधार पर 150 से ज्यादा लोगों को नोटिस भेजे। जांच के बाद प्रशासन ने 57 लोगों को सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का दोषी माना।

इनसे करीब 88 लाख रुपए के नुकसान की भरपाई कराने की बात कही गई। प्रशासन ने पांच मार्च की रात को 57 आरोपियों के नाम, पते और तस्वीर वाले होर्डिंग्स लगा दिए। तोड़-फोड़ वाले इलाकों में यह कार्रवाई की गई थी।

# जामिया नगर से इस्लामिक स्टेट के दो संदिग्ध गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

को स्पेशल सेल ने दंपति को ओखला, जामिया नगर से हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि दंपति का संबंध आतंकी संगठन आइएस के खुरासाम माड्यूल से है। इसे लेकर स्पेशल सेल सहित कई सुरक्षा एजंसियां दंपति से पूछताछ कर रही ाहै।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि दंपति खुरासान माड्यूल के अफगानिस्तान में बैठे आकाओं के संपर्क में थे। ये दोनों सीएए का विरोध कर रहे युवाओं को बरगला कर उनसे आतंकी हमले करवाने की साजिश रच रहे थे। फिलहाल उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस उनसे पूछताछ कर छानबीन कर रही है। पुलिस की माने तो दपंति 'इंडियन मुस्लिम यूनाइट' नाम से एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म चला रहे थे। पुलिस इसकी जांच कर रही है। यह ओखला इलाके में अगस्त से रह रहे थे। पुलिस को उनके पास से कुछ संदिग्ध सामान भी मिला है। पुलिस उनकी भी जांच कर रही है।

# पूर्व कानून मंत्री हंसराज भारद्वाज का निधन

नई दिल्ली, 8 मार्च (भाषा)।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व कानून मंत्री हंसराज भारद्वाज का रविवार को निधन हो गया।

पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि भारद्वाज ने रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। भारद्वाज का सोमवार को यहां निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

भारद्वाज 2004 से 2009 तक केंद्रीय कानून मंत्री रहे। इसके बाद वह पांच साल तक कर्नाटक के राज्यपाल भी रहे। इसके अलावा वह कई बार राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

# नमूनों की जांच के लिए 24 घंटे काम कर रहे एनआइवी के वैज्ञानिक

पेज 1 का बाकी

एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि एनआइवी देश में विषाणु की जांच करने वाला देश का प्रमुख केंद्र है। यहां दिन की शुरुआत में वैज्ञानिक रणनीति बनाते हैं जिसमें कोविड-19 के नए मामलों की जांच, उन मामलों की फिर से पुष्टि करना जो पहले से पॉजिटिव हैं। इसके अलावा अन्य प्रयोगशालाओं को सहायता एवं मार्गदर्शन मुहैया कराते हैं।

आइसीएमआर के महामारी विज्ञान और संचारी रोग-1 (ईसीडी-1) के प्रमुख रमण आर गंगाखेडकर ने कहा कि पिछले एक महीने से हम देशभर के करीब 4,000 नमूनों की जांच कर चुके हैं। हर दिन औसतन हम 25 नमूनों की जांच करते हैं। भारत में अबतक कोरोना विषाणु के 39 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नमूनों की जांच के लिए 52 प्रयोगशालाओं को शुरू कराया। इसके अलावा 57 प्रयोगशालाओं में नमूनों का संग्रह हो सकता है।

गंगाखेडकर ने बताया कि उदाहरण के लिए इस तरह से समझिए कि अगर एनआइवी में एक दिन में 10 नमूने आते हैं तो पांच नमूने सुबह में आते हैं, तीन शाम में और करीब दो रात में आते हैं। उन्होंने कहा कि शोधकर्ता यह सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं कि कोरोना वायरस का पता लगाने के लिए नमूनों की जांच सुचारू तरीके से हो।

गंगाखेडकर ने कहा कि एनआइवी में अबतक ज्यादातर नमूने संक्रमण की पुनः पुष्टि के लिए आए हैं। एनआइवी की भूमिका के बारे में उन्होंने बताया कि अगर यात्रियों या मरीजों का एक समूह वुहान या जापान से लाया जाता है तो ऐसे में एनआइवी उनके नमूनों की जांच में बड़ी भूमिका निभाता है क्योंकि उनकी रिपोर्टों को वापस उनके देश भेजना होता है।सहयोगी प्रयोगशालाओं के साथ हर दिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए परेशानियों को लेकर चर्चा की जाती है और समाधान तलाशे जाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी केंद्र में अगर कोई नमूना कोरोना वायरस से संक्रमित पाया जाता है तो उसे पुनः पुष्टि के लिए एनआइवी भेजना होता है। परीक्षण की पुष्टि के लिए 10 से 24 घंटे का समय लगता है।

# प्रधानमंत्री के जरिए देश ने जानी सात महिलाओं की गाथा

पेज 1 का बाकी

पकाने का मैराथन और स्तनपान जागरूकता अभियान की पहल भी की।'

**इमालविका अय्यर**

मालविका अय्यर 13 साल की उम्र में एक बम धमाके का शिकार बनीं, जिसमें उनके हाथ उड़ गए और पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने मोदी के ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'छोड़ देना कभी कोई विकल्प नहीं होता। अपनी सीमाओं को भूलकर विश्वास और उम्मीद के साथ दुनिया का सामना कीजिए।' अय्यर एक प्रेरक वक्ता, दिव्यांग कार्यकर्ता और मॉडल हैं। उन्हें दिव्यांग सुपरवुमन कहा जाता है। पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ने उनके बारे में सुनकर उन्हें राष्ट्रपति भवन में बुलाया।

**आरिफा जान**

श्रीनगर की आरिफा जान हमेशा से कश्मीर की पारंपरिक कला को फिर से जीवित करने के सपने देखती थीं, क्योंकि उनके मुताबिक इसका अर्थ स्थानीय महिलाओं को सशक्त करना होता। तैंतीस साल की आरीफा ने इतनी कम उम्र में ही महिला कारीगरों का जीवन बदलने का काम किया है। वे कहती हैं, 'मैं महिला कलाकारों की स्थिति देखती थी और इसलिए मैंने 'नमदा' कला को फिर से जिंदा करने का प्रयास किया। उन्होंने कढ़ाई और पश्मीना पर काम करने वाली 28 महिला कारीगरों का समूह बनाया। उन्होंने एक कश्मीरी पारंपरिक गलीचा इकाई को पुनर्जीवित किया और तीन नई इकाइयों की स्थापना की। उन्हें नारी शक्ति पुरस्कार भी मिल चुका है।

**कल्पना रमेश**

अपने बारे में बताते हुए कल्पना रमेश कहती हैं, 'योद्धा बनिए लेकिन थोड़े अलग तरह का। जल योद्धा बनिए।' वे पेशे से वास्तुविद हैं। उनके मुताबिक, जब उनका परिवार अमेरिका से हैदराबाद आया, तो उन्हें पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा। पानी के टैंकर मंगाने पड़े। उन्होंने पानी बचाने की मुहिम शुरू की। करीब आठ साल पहले उन्होंने जब अपना घर बनाया तो इसका पूरा ख्याल रखा कि पानी की एक बूंद भी बर्बाद न हो। उनकी मुहिम कारगर साबित हुई और 2016 के बाद हैदराबाद में किसी को भी पानी की दिक्कत नहीं हुई।

**विजया पवार**

ग्रामीण महाराष्ट्र के बंजारा समुदाय की हस्तकला-गोरमाटी को बढ़ावा देने वाली विजया पवार के मुताबिक, 'मैं पिछले दो दशक से इस पर काम कर रही हूं और इसमें हजारों अन्य महिलाएं मेरी सहायता करती हैं।' वे कहती हैं कि गोरमाटी कला को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल हमें प्रोत्साहित किया, बल्कि हमारी आर्थिक सहायता भी की।

**कलावती देवी**

उत्तर प्रदेश के कानपुर की कलावती देवी शौचालयों के निर्माण के लिए धन जुटाती हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप कुछ हासिल करना चाहते हैं तो पीछे मत देखिए और लोगों की कड़वी बातों की अनदेखी कीजिए। वे कहती हैं, 'मैं जिस जगह रहती थी वहां हर तरफ गंदगी थी। लेकिन एक पक्का विश्वास था कि स्वच्छता के जरिए हम स्थिति को बदल सकते हैं। मैंने लोगों को इसके लिये तैयार करने का फैसला किया। शौचालयों के निर्माण के लिए धन इकट्ठा किया।'

**वीना देवी**

बिहार के मुंगेर की रहने वाली वीना देवी कहती हैं, जहां चाह, वहां राह है। उन्होंने मशरुम की खेती की योजना के लिए जगह की कमी को अपने आड़े नहीं आने दिया और अपने पलंग के नीचे मशरूम उगाया। उन्होंने कहा, 'इच्छाशक्ति से सब-कुछ हासिल किया जा सकता है। मुझे असली पहचान पलंग के नीचे एक किलो मशरुम उगाकर मिली। इसने मुझे आत्मनिर्भर बनाया।' वे 2013 से मशरूम की खेती कर रही हैं। उन्होंने जब पहली बार मशरूम उगाया तो जगह के बारे में जानकर वैज्ञानिक चौंक गए। अच्छी फसल देखकर वे लोग फोटो खींचकर सबौर विश्वविद्यालय ले गए। मुख्यमंत्री का पुरस्कार मिला। वे सरपंच बन गईं। उन्होंने अररिया, फारबिसगंज और किशनगंज में ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। फिर अपने गांव में ही हाट लगाया जहां वे और उनकी साथी मशरूम बेचती हैं।

www.readwhere.com

# क्वार्टर फाइनल में जीत से पूजा और विकास का ओलंपिक स्थान पक्का

अम्मान (जॉर्डन), 8 मार्च (भाषा)।

एशियाई चैंपियन पूजा रानी (75 किग्रा) और विकास कृष्ण (69 किग्रा) रविवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के सेमी फाइनल में पहुंच गए। वे इस साल के तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय मुक्केबाज भी बन गए हैं।

> मैं इस मुक्केबाज के खिलाफ नहीं खेली थी, मैं थोड़ी डरी हुई थी। मैंने बाउट से पहले अपने कोचों को इसके बारे में बता दिया था। उन्होंने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया। - पूजी रानी

चौथी वरीय रानी ने थाईलैंड की पोर्निपा च्यूटी को 5-0 से और कृष्ण ने कड़े मुकाबले में तीसरे वरीय जापानी मुक्केबाज सेवोनरेट्स ओकाजावा को सर्वसम्मत फैसले में हराकर एशिया/ओसियाना क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में पदक पक्का किया। हालांकि सचिन कुमार (81 किग्रा) को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीन के राष्ट्रीय चैंपियन दाक्साइंग चेन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। वह अब भी ओलंपिक स्थान हासिल कर सकते हैं, अगर वह हारने वाले क्वार्टर फाइनलिस्ट के बीच दो बाक्स-आफ मुकाबलों में जीत हासिल कर लें। इस वजन वर्ग से शीर्ष पांच मुक्केबाज तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे।



रानी ने जहां पहली बार ओलंपिक कोटा हासिल किया वहीं कृष्ण ने लगातार तीसरी बार इस महासमर के लिए क्वालीफाई किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जुलाई-अगस्त में किया जाना है। रानी तीन बार की एशियाई पदक विजेता हैं और वह 2014 एशियाई खेलों में कांस्य पदक भी जीत चुकी हैं।

रानी ने कहा कि मैं इस मुक्केबाज के खिलाफ नहीं खेली थी, मैं थोड़ी डरी हुई थी। मैंने बाउट से पहले अपने कोचों को इसके बारे में बता दिया था। उन्होंने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया और मैं एकतरफा नतीजा हासिल कर सकी। मैं खुश हूं। रानी का सामना अब मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन चीन की लि कियान से होगा। शीर्ष वरीय कियान ने दिन के पहले मुकाबले में मंगोलिया की म्यागमारजारगल मुंखबाट को 5-0 से मात दी।

### एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर

कृष्ण को हालांकि पिछले साल ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले ओकाजावा के खिलाफ कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन उन्होंने लगातार दमदार मुक्कों से अंक जुटाकर 5-0 से जीत हासिल की। अब वह सेमी फाइनल में कजाखस्तान के दूसरे वरीय अबलेखान झुसुपोव से भिड़ेंगे जिन्होंने थाईलैंड के वुटीचाई मासुक को हराया। कृष्ण पेशेवर मुक्केबाजी में हाथ आजमाने के बाद एमेच्योर में वापसी कर रहे हैं। वापसी के बाद उन्होंने दिसंबर में दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया।

# पांचवीं बार चैंपियन बना आस्ट्रेलिया

## खिताबी मुकाबले में भारत को 85 रन से हराया

### टी-20 विश्व कप

मेलबर्न, 8 मार्च (भाषा)।

**184** रन बनाए चार विकेट पर आस्ट्रेलियाई टीम ने

**99** रन ही बना पाई भारतीय टीम 19.1 ओवर में

**259** रन टूर्नामेंट में बनाए आस्ट्रेलिया की मूनी ने

बेथ मूनी और एलिसा हीली के अर्धशतक के बाद मेगान स्कट की अगुआई में शानदार गेंदबाजी की बदौलत आस्ट्रेलियाई टीम पांचवीं बार चैंपियन बनी। महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में उसने भारत को 85 रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन खेले गए मुकाबले में आस्ट्रेलियाई टीम छठी बार फाइनल में पहुंची थी। इससे पहले उसने 2010, 2012, 2014, 2018 में खिताब जीता था जबकि 2016 में उसे फाइनल में वेस्ट इंडीज से हार मिली थी।

आस्ट्रेलिया ने एमसीजी पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए मूनी (नाबाद 78) और हीली (75 रन) के अर्धशतकों से चार विकेट पर 184 रन बनाए। इसके बाद गेंदबाजों ने भारतीय टीम को 19.1 ओवर में महज 99 रन पर समेट दिया जो पहली बार इसके फाइनल में पहुंची थी।



महिला टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ आस्ट्रेलियाई टीम।

आस्ट्रेलिया के लिए मेगान स्कट ने 3.1 ओवर में 18 रन देकर चार विकेट और जेफ जोनासेन ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट झटके। सोफी मोलीनेक्स, डेलिसा किमिंस और निकोला कारे ने एक-एक विकेट हासिल किया। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहला सेमी फाइनल बारिश से रद्द होने के बाद ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के कारण खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी।

टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में आस्ट्रेलिया को हराने वाली भारतीय टीम आज दबाव का सामना नहीं कर पाई। शीर्ष क्रम के चरमराने से उसकी पहला खिताब जीतने की उम्मीद टूट गई। केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं जिसमें दीप्ति शर्मा 33 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। शीर्ष क्रम बल्लेबाज शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर छह ओवर में पवेलियन लौट गईं। तानिया भाटिया दूसरे ओवर में रिटायर्ड हर्ट हो गईं। स्पिनर जेस जोनासेन की गेंद उनके हेलमेट पर लगी थी।

आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने लगातार विकेट झटकना जारी रखा। दीप्ति शर्मा के अलावा वेदा कृष्णमूर्ति (19) और 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी ऋचा घोष (14) ही कुछ रन जुटा सकीं और पूरी टीम 99 रन पर सिमट गई। इससे पहले हीली और मूनी ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए अर्धशतकीय पारियां खेली और आस्ट्रेलिया को चार विकेट पर 184 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद की। मूनी शीर्ष स्कोरर रहीं लेकिन हीली ने 75 रन की पारी खेलकर सुर्खियां बटोरीं जिनका कैच शेफाली वर्मा ने पारी की पांचवीं गेंद पर छोड़ दिया था। इन दोनों ने भारतीय गेंदबाजों पर मैदान के चारों ओर रन जुटाए। उन्होंने 39 गेंद की पारी के दौरान सात चौके और पांच छक्के जमाए। हीली और मूनी ने 11.5 ओवर में पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी कर आस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई।

# मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा : हरमनप्रीत

मेलबर्न, 8 मार्च (भाषा)।



आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में आस्ट्रेलिया के हाथों करारी शिकस्त झेलने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उन्हें अपनी टीम पर भविष्य में अच्छे प्रदर्शन को लेकर पूरा भरोसा है। फाइनल से पहले भारतीय टीम ने टूर्नामेंट का हर मुकाबला जीता था लेकिन फाइनल में आस्ट्रेलिया ने उसे खेल के हर विभाग में पछाड़कर अपना पांचवां खिताब जीता।

आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 184 रन बनाने के बाद भारत की पारी को 99 रन पर समेट दिया। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा कि हमने लीग मैचों में जिस तरह का खेल दिखाया, वह शानदार था, मुझे अभी भी टीम पर पूरा भरोसा है।

उन्होंने कहा कि यह खेल का हिस्सा है, कभी आप जीतते हैं और कभी आप हारते हैं। आपको सीखते रहना होता है लेकिन मुझे इस टीम पर भरोसा है।

### स्कोर बोर्ड : भारत बनाम आस्ट्रेलिया

**आस्ट्रेलिया पारी :** एलिसा हीली का कृष्णमूर्ति बो राधा यादव 75, बेथ मूनी नाबाद 78, मेग लैनिंग का शिखा पांडे बो दीप्ति 16, एशले गार्डनर स्टंप तानिया बो दीप्ति 02, राशेल हेनेस बो पूनम 04, निकोला कारे नाबाद 05

**गेंदबाजी :** दीप्ति शर्मा 4-0-38-2, शिखा पांडे 4-0-52-0, राजेश्वरी गायकवाड़ 4-0-29-0, पूनम यादव 4-0-30-1, राधा यादव 4-0-34-1

**भारत पारी :** शेफाली वर्मा का हीली बो स्कट 02, स्मृति मंधाना का कारे बो मोलीनेक्स 11, तानिया रिटायर्ड हर्ट 02, जेमिमा रोड्रिग्ज का कारे बो जोनासेन 00, हरमनप्रीत कौर का गार्डनर बो जोनासेन 04, दीप्ति शर्मा का मूनी बो कारे 33, वेदा कृष्णमूर्ति का जोनासेन बो किमिंस 19, ऋचा घोष का कारे बो स्कट 18, शिखा पांडे का मूनी बो स्कट 02, राधा का मूनी बो जोनासेन 01, पूनम का गार्डनर बो स्कट 01, राजेश्वरी गायकवाड नाबाद 01

**गेंदबाजी :** स्कट 3.1-0-18-4, जोनसेन 4-0-20-3, मोलीनेक्स 4-0-21-1, किमिंस 4-0-17-1, कारे 4-0-23-1

# अंकिता की दो जीत से भारत ने रचा इतिहास

दुबई, 8 मार्च (भाषा)।



सानिया की चार साल बाद फेड कप में वापसी से भी भारतीय टीम को मदद मिली

भारतीय फेड कप टीम ने अंकिता रैना की बदौलत इंडोनेशिया पर 2-1 की जीत से पहली बार प्ले ऑफ में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। अंकिता ने शनिवार को अलडिला सुतजियादी के खिलाफ अहम एकल जीत से मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। उनसे पहले ऋतुजा भोसले को प्रिस्का माडेलिन नुगरोहो से हार का सामना करना पड़ा था।

आइटीएफ जूनियर सर्किट में 15वीं रैंकिंग पर काबिज 16 वर्षीय इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने ऋतुजा को एक घंटे 43 मिनट में हरा दिया। भारतीय खिलाड़ी को 3-6, 6-0, 3-6 से पराजय मिली। फिर अंकिता ने सुतजियादी को दूसरे एकल में 6-3, 6-3 से हरा दिया।

इसके बाद उन्होंने और सानिया मिर्जा ने युगल मुकाबले में सुतजियादी और नुगरोहो की जोड़ी को 7-6, 6-0 से शिकस्त देकर भारत का प्ले ऑफ में स्थान सुनिश्चित किया जहां अप्रैल में टीम का सामना लातविया और नीदरलैंड के बीच मुकाबले की विजेता से होगा।

भारत इस तरह छह टीमों के ग्रुप में लगातार चार जीत से दूसरे स्थान पर रहा। उसे चीन से शुरुआती मुकाबले में हार मिली थी। चीन ने टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया था। वर्ष 2016 में एशिया/ओसनिया ग्रुप एक में वापसी के बाद भारत क्षेत्रीय ग्रुप में ही बना रहा था। लेकिन अंकिता के प्रदर्शन से चीजों में सुधार शुरू हुआ।

# तानिया भाटिया बेहोशी जैसी स्थिति के कारण रिटायर्ड हर्ट

मेलबर्न, 8 मार्च (भाषा)।

भारत की विकेटकीपर तानिया भाटिया रविवार को एमसीजी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल के दौरान चोटिल हो गईं। गर्दन में गेंद लगने से बेहोशी जैसी स्थिति के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर वे मुकाबले से बाहर हो गईं।

आस्ट्रेलिया के 185 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तानिया पहले ही ओवर में शेफाली वर्मा के आउट होने पर क्रीज पर उतरीं। तानिया हालांकि दूसरे ओवर में ही रिटायर्ड हर्ट हो गईं जब बाएं हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन की गेंद उनके हेलमेट पर लगी।

तानिया स्वीप खेलने का प्रयास कर रही थीं और गेंद लगने के बाद वह असहज दिखीं। भारतीय टीम के डॉक्टर और फिजियो इसके बाद मैदान पर उतरे और जांच के बाद तानिया को मैदान से बाहर ले गए।

# रणजी का रण : सौराष्ट्र-बंगाल में खिताबी मुकाबला आज से

राजकोट, 8 मार्च (भाषा)।

जयदेव उनादकट की अगुआई में सौराष्ट्र की टीम सोमवार से शुरू होने वाले फाइनल में बंगाल पर शानदार जीत से घरेलू मैदान पर रणजी ट्रॉफी खिताब अपने नाम करना चाहेगी। हालांकि आत्मविश्वास से भरी प्रतिद्वंद्वी को हराना इतना आसान नहीं होगा। सौराष्ट्र की टीम आठ सत्र में चौथे फाइनल में पहुंची है जबकि बंगाल ने 1989-90 में जीत के बाद कभी भी सफलता का स्वाद नहीं चखा है। दोनों टीमें ट्रॉफी अपने नाम करने के लिए बेताब होंगी।

बंगाल ने जहां सेमी फाइनल में मजबूत कर्नाटक को शिकस्त दी तो सौराष्ट्र ने एससीए स्टेडियम में कड़े मुकाबले में गुजरात को हराया। अब इसी मैदान पर फाइनल मुकाबला खेला जाना है। सौराष्ट्र की टीम में भारतीय टैस्ट टीम के नियमित खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा शामिल हो गए हैं जबकि बंगाल में न्यूजीलैंड से लौटे ऋद्धिमान साहा जुड़ गए हैं।

### मैच का समय

**मैच सुबह साढ़े नौ बजे से**

*उनादकट* ने 12.17 के औसत से इस सत्र में 65 विकेट चटकाए हैं और वह 68 विकेट के रेकार्ड से महज तीन विकेट दूर हैं जो बिहार के स्पिनर आशुतोष अमन ने पिछले सत्र में बनाया था।

उनादकट सेमी फाइनल के दौरान भी पुजारा से लगातार संपर्क में रहे और इस अहम मुकाबले में उनकी उपस्थिति से टीम का मनोबल बढ़ेगा। उनादकट इस सत्र में शानदार फॉर्म में हैं और उनकी बदौलत ही सौराष्ट्र की टीम ने गुजरात के खिलाफ जीत हासिल की। उनादकट ने 12.17 के औसत से इस सत्र में 65 विकेट चटकाए हैं और वह 68 विकेट के रेकार्ड से महज तीन विकेट दूर हैं जो बिहार के स्पिनर आशुतोष अमन ने पिछले सत्र में बनाया था।

उनादकट के इस सत्र में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय टीम में वापसी की दौड़ में शामिल कर दिया है। लेकिन उनका मानना है कि अगर उनकी टीम जीत हासिल नहीं करती तो निजी प्रदर्शन मायने नहीं रखता। उन्होंने गेंद से ही नहीं बल्कि अपनी कप्तानी से भी प्रभावित किया लेकिन वह अपने साथी तेज गेंदबाजों से भी और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

पुजारा के अलावा टीम के सर्वाधिक रन जुटाने वाले शेल्डन जैक्सन से भी बल्लेबाजी की जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद होगी। सौराष्ट्र हालांकि बंगाल के पैने तेज गेंदबाजी आक्रमण से सतर्क रहेगा जिसकी बदौलत प्रतिद्वंद्वी टीम ने आठ बार के चैंपियन कर्नाटक पर जीत हासिल की थी।

# धवन, पंड्या और भुवनेश्वर की टीम में वापसी

अमदाबाद, 8 मार्च (भाषा)।

चोट से उबरने के बाद हरफनमौला हार्दिक पंड्या, सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की भारतीय टीम में वापसी हुई है। ये सभी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एक दिवसीय शृंखला के लिए टीम में शामिल किए गए हैं।

चयन समिति के नए अध्यक्ष सुनील जोशी की अगुआई में पहली बार टीम चुनी गई। टीम में अनुभवी केदार जाधव की जगह शुभमन गिल को शामिल किया गया है जिससे यह समझा जा रहा है कि जाधव के लिए अब वापसी करना मुश्किल होगा।

उपकप्तान रोहित शर्मा हालांकि मांसपेशियों की खिंचाव से नहीं उबर पाए हैं और उम्मीद है कि वह 29 मार्च से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग से वापसी करेंगे। टीम में धवन की वापसी से मयंक अग्रवाल को बाहर का रास्ता देखना पड़ा जो न्यूजीलैंड दौरे पर मिले मौकों को फायदा उठाने में नाकाम रहे। पृथ्वी साव को चयनकर्ताओं ने बरकरार रखने का फैसला किया।



शिखर धवन का कंधा जनवरी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एक दिवसीय मैच के दौरान चोटिल हो गया था।



भुवनेश्वर का हर्निया का ऑपरेशन हुआ था। उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया।



हार्दिक पंड्या ने अपना आखिरी एक दिवसीय विश्व कप के सेमी फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।

न्यूजीलैंड के खिलाफ एक दिवसीय शृंखला की टीम में शामिल रहे तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और हरफनमौला शिवम दुबे को भी लचर प्रदर्शन के कारण भुवनेश्वर और पंड्या से जगह गंवानी पड़ी। पीठ की सर्जरी से वापसी करने के बाद पंड्या ने डीवाइ पाटील टी20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था। टीम प्रबंधन को उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार था।

**टीम :** शिखर धवन, पृथ्वी साव, विराट कोहली (कप्तान), लोकेश राहुल, मनीष पांडे, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, नवदीप सैनी, कुलदीप यादव और शुभमन गिल।

धवन का कंधा जनवरी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान चोटिल हो गया था जबकि भुवनेश्वर का हर्निया का ऑपरेशन हुआ था। उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैब्लिटेशन पूरा किया। टीम को सबसे ज्यादा राहत पंड्या की वापसी से हुई है जिन्होंने अपना आखिरी एक दिवसीय विश्व कप के सेमी फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।

जाधव कुछ समय में 35 साल के हो जाएंगे और वह कुछ समय से एक दिवसीय में गेंदबाजी भी नहीं कर रहे। छठे क्रम पर वह बल्ले से भी योगदान नहीं कर पा रहे, जो टीम से उनके बाहर होने का कारण बना। अगला एक दिवसीय विश्व कप 2023 में है जब जाधव की उम्र 38 साल होगी ऐसे में 73 एक दिवसीय मैचों के अनुभवी खिलाड़ी के लिए टीम के दरवाजे लगभग बंद हो गए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की शृंखला के मुकाबले धर्मशाला (12 मार्च), लखनऊ (15 मार्च) और कोलकाता (18 मार्च) में खेले जाएंगे।

# हमें पता है पुजारा को कैसे आउट करना है : साहा

राजकोट, 8 मार्च (भाषा)।

भारतीय विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा को उम्मीद है कि रणजी ट्रॉफी के फाइनल में उनके गेंदबाज सौराष्ट्र के अनुभवी खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा को जल्दी आउट करने में सफल होंगे। साहा ने कहा कि बंगाल के नए गेंदबाजों ने टेलीविजन पर पुजारा की काफी बल्लेबाजी देखी है जिससे वह उनके खिलाफ चक्रव्यूह रचने में सफल होंगे।

साहा के लिए 13 साल के करिअर में यह पहली बार है जब वह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट का फाइनल खेलेंगे और आकाश दीप, मुकेश कुमार व इशान पोरेल जैसे युवा गेंदबाजों को उनके अनुभव से काफी फायदा होगा।

## खबर कोना



अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व फुटबॉलर डियागो माराडोना।

### साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने मनप्रीत और रानी

नई दिल्ली, 8 मार्च (भाषा)।

भारतीय टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह को तीसरे हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2019 में रविवार को साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। जबकि महिला टीम की कप्तान रानी साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बनीं। मनप्रीत और रानी को ट्रॉफी के अलावा 25-25 लाख रुपए की इनामी राशि मिली। तोक्यो ओलंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य रहे हरबिंदर सिंह को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। वह 1968 मेक्सिको और 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के भी सदस्य रहे। उन्हें 30 लाख रुपए की इनामी राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों के दौरान खिलाड़ियों को एक करोड़ 64 लाख 50 हजार रुपए की इनामी राशि सौंपी गई। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने पिछले साल क्रमशः मनप्रीत और रानी की अगुआई में तोक्यो ओलंपिक 2020 के लिए क्वालीफाई किया। मनप्रीत को पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के 2019 के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष हॉकी खिलाड़ी के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। वह यह पुरस्कार हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

### हरिका हार कर तीसरे स्थान पर खिसकीं

लुसाने, 8 मार्च (भाषा)।

भारतीय ग्रैंडमास्टर द्रोणावल्ली हरिका को फिडे महिला ग्रांप्री शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में पूर्व विश्व चैंपियन एलेक्जांद्रा कोस्तेनियुक से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गईं। भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी को रूसी खिलाड़ी ने 55 चाल में मात दी। हरिका की यह टूर्नामेंट में पहली हार है, उन्होंने इससे पहले दो जीत हासिल की जबकि तीन में उन्होंने ड्रॉ खेला। अब दुनिया की नौंवे नंबर की खिलाड़ी हरिका का सामना सोमवार को सातवें दौर में झानसाया अब्दुमलिक से होगा। रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचिकिना और उनकी हमवतन एलेना काशलिनस्काया चार अंक लेकर संयुक्त रूप से बढ़त बनाए हैं।

### पवार ने की भारतीय महिला टीम की इच्छाशक्ति की प्रशंसा

मुंबई, 8 मार्च (भाषा)।

शरद पवार ने रविवार को कहा कि भले ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम आस्ट्रेलिया से टी20 विश्व कप फाइनल हार गई हो लेकिन वह शानदार प्रदर्शन की बदौलत खिताबी भिड़ंत तक पहुंची। वर्ष 2005 से 2008 तक बीसीसीआइ के अध्यक्ष रहे पवार ने कहा कि टीम ने अपनी काबिलियत के हिसाब से शानदार प्रदर्शन किया और उन्होंने साथ ही टीम के भविष्य की कामना की।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 113, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com